श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 195, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 11 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 2024 पर निगाहें, मोदी पर निशाना

## बिहार में 8वीं बार नीतीश कुमारः डिप्टी सीएम बनते ही तेजस्वी ने पैर छुए, नीतीश बोले- 2024 के लिए एकजुट रहे विपक्ष, 2024 में हम रहें या न रहें, 2014 वाले नहीं रहेंगे





### नीतीश का भाजपा पर निशाना

**2014**

में जो जीतें, क्या वे 2024 में भी जीत पाएंगे?

**2020**


में साजिश के चलते JDU को कम सीटें मिली।

साजिश में अपने लोग और सहयोगी शामिल थे।

देश से विपक्ष कभी खत्म नहीं हो सकता है।

**2020**

में ही मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहता था।



**पटनाः** नीतीश कुमार ने 8वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। राज्यपाल फागू चौहान ने बुधवार को उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश ने हिंदी में ईश्वर के नाम की शपथ ली। उनके तुरंत बाद तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ लेते ही तेजस्वी ने मंच पर ही नीतीश कुमार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद नीतीश ने 2024 के लिए विपक्ष से एकजुट रहने की अपील की।

**शपथ के बाद भाजपा पर बरसे नीतीशः** शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीडिया से बात की। नाम लिए बिना उन्होंने भाजपा पर हमला बोला। नीतीश ने कहा, '2014 में आने वाले, 2024 में रहेंगे तब ना। हम रहें या न रहें, वे 2024 में नहीं रहेंगे। मैं विपक्ष को 2024 के लिए एकजुट होने की अपील करता हूं।' पीएम पद के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस पद का उम्मीदवार नहीं हूं।

**बेटे के शपथ में राबड़ी पहुंचीं, लालू नहीं आ सकेः** बेटे तेजस्वी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए राबड़ी देवी भी राजभवन पहुंचीं। हालांकि तेजस्वी के पिता और राजद सुप्रीमो लालू यादव खराब सेहत की वजह से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। शपथ से पहले नीतीश ने लालू से फोन पर बात करके उन्हें सियासी हालात की जानकारी दी।

**सरकार बनवाने के लिए दिल्ली से एक्टिव रहे लालूः** पटना में बेटे तेजस्वी राजनीति की बिसात पर लगातार शह-मात का खेल खेलते रहे और दिल्ली में सांसद बेटी मीसा भारती के आवास पर दिन भर टीवी पर जमे राजद अध्यक्ष लालू यादव मौके दर मौके बेटे को गाइड करते रहे। वहां लालू यादव से मिलने वाले मुलाकात करने के लिए पहुंचते रहे। राजद सांसद प्रेमचंद्र गुप्ता पहुंचे और दोनों ने बिहार की राजनीतिक स्थिति पर देर तक बातचीत भी की। सेंधमारी में अव्वल बीजेपी नीतीश से मात खा गई है। पिछले 6 साल में भाजपा ने 4 राज्यों में सरकारें गिराईं, लेकिन बिहार में दूसरी बार अपनी ही सरकार गंवा बैठी। बिहार में बने महागठबंधन ने भाजपा के स्पीकर विजय कुमार सिन्हा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही है। सूत्रों के मुताबिक फ्लोर टेस्ट के समय ही नए स्पीकर का चुनाव होगा। स्पीकर का पद राजद को मिल सकता है। हालांकि कांग्रेस ने भी स्पीकर की कुर्सी पर दावा किया है। वहीं भाजपा नेताओं ने पटना में पार्टी मुख्यालय के बाहर धरना दिया। भाजपा नेता शहनवाज हुसैन ने कहा कि नीतीश कुमार ने अच्छा सिला दिया हम लोगों के प्यार का। पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने अपनी पार्टी के लिए 2 मंत्री पद की मांग की है। हालांकि उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने नीतीश कुमार को बिना शर्त समर्थन दिया है।

### पार्टी के लोगो में असंतोष था : नीतीश

नीतीश कुमार ने कहा, हमारी पार्टी के लोगों से पूछ लीजिए की क्या सबकी स्थिति हुई। मैं 2020 में मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहता था, लेकिन मुझ पर दबाव बनाया गया कि आप संभालिए। बाद के दिनों में जो कुछ भी हो रहा था, सब देख रहे थे। हमारी पार्टी के लोगों के कहने पर हम अलग हुए। उन्होंने कहा, बीते डेढ़ महीने से हम कोई बातचीत नहीं कर रहे थे। हमारे साथ गलत हो रहा था। नीतीश कुमार ने कहा कि 2020 के चुनाव में जदयू के साथ कैसा बर्ताव हुआ था। हमारा भाजपा के साथ जाने से नुकसान हुआ था।

**नीतीश के तेवरः 2024 में हम रहें या न रहें, 2014 वाले नहीं रहेंगे**

**पटनाः** बिहार के 8वें मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने एक बार फिर शपथ ले ली है। शपथ ग्रहण के बाद नीतीश कुमार मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना उन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, 2024 में हम रहें या न रहें, 2014 वाले नही रहेंगे। प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पर नीतीश कुमार ने कहा, मेरी कोई दावेदारी नहीं है। हमने जो भी निर्णय लिया है, अपने पार्टियों के साथियों के साथ लिया है। हालांकि, उन्होंने यह जरूर कहा कि हम निश्चित तौर पर विपक्ष को मजबूत करेंगे। नीतीश कुमार ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पर भी इशारों में निशाना साधा। कहा, जिनको लगता है ।



## कॉबेवैक्स का बूस्टर डोज मंजूर

**नई दिल्लीः केंद्र** सरकार ने बुधवार को बॉयोलॉजिकल-ई कंपनी की कॉबेवैक्स वैक्सीन को बूस्टर डोज की तरह इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी। इसे कोवीशील्ड और कोवैक्सिन लगवा चुके वयस्क बूस्टर के तौर लगवा सकते हैं। ऐसा पहली बार हुआ है, जब बूस्टर डोज के लिए पहले लगाई गई वैक्सीन से इतर कोई वैक्सीन देश में लगाई जाएगी। नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑफ इम्युनाइजेशन ने 2 अगस्त को हेल्थ मिनिस्ट्री से कॉबेवैक्स को बूस्टर डोज के तौर पर इस्तेमाल करने की सिफारिश की थी। भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित प्रोटीन सबयूनिट वैक्सीन कॉबेवैक्स का इस्तेमाल फिलहाल 12 से 14 साल ऐज ग्रुप के बच्चों के वैक्सीनेशन में किया जा रहा है।

**दूसरा डोज लगवाने के 6 महीने बाद लगेगीः** कोवैक्सिन या कोवीशील्ड वैक्सीन लगवा चुके वयस्क, दूसरा डोज लगवाने की तारीख से 6 महीने या 26 हफ्ते बाद ही कॉबेवैक्स लगवा सकेंगे। जानकारी के मुताबिक, बूस्टर डोज के तौर पर मौजूदा गाइडलाइन में जल्द ही संशोधन किया जाएगा। कोविन पोर्टल पर भी कॉबेवैक्स को बूस्टर के तौर पर लगाए जाने से जुड़ी गाइडलाइंस में बदलाव किया जा रहा है।

**जुलाई में कोविड वर्किंग ग्रुप ने स्टडी की थीः** कोविड वर्किंग ग्रुप ने 20 जुलाई की बैठक में, डबल-ब्लाइंड रैंडमाइज्ड फेज-3 क्लिनिकल स्टडी के डेटा का रिव्यू किया था।

इसके आधार पर वयस्क को लगाए जाने के बाद इसके असर को आंका गया। इसके बाद के रिजल्ट्स में उहऋ ने पाया कि कॉबेवैक्स वैक्सीन को बूस्टर के तौर पर लगाने के बाद एंटीबॉडी में इजाफा हुआ है।

## राहतः नूपुर शर्मा पर दर्ज सभी एफआईआर दिल्ली ट्रांसफर

**नई दिल्लीः** पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान को लेकर घिरीं भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी पारदीवाला की स्पेशल बेंच ने नूपुर के खिलाफ सभी केस दिल्ली ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि अब दिल्ली पुलिस ही सभी मामलों की जांच करेगी। वहीं, जांच पूरी होने तक नूपुर की गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी गई है। नूपुर ने जान का खतरा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कई राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज की गई सभी एफआईआर को क्लब और ट्रांसफर करने की मांग की गई थी, जिस पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने नूपुर से अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कराने के लिए दिल्ली हाइकोर्ट जाने की अनुमति भी दे दी है।



**19 जुलाई को भी गिरफ्तारी पर रोक लगाई थीः** इससे पहले 19 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने 10 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने 8 राज्यों और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया था कि नूपुर शर्मा के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

**1 जुलाई को कोर्ट ने कहा- सिर्फ आप जिम्मेदारः** इससे पहले 1 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शर्मा को कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने पैगंबर पर उनकी टिप्पणी के बाद हुई हिंसा के लिए "अकेले ही जिम्मेदार" ठहराया था। कोर्ट ने तब कहा था कि नूपुर ने टेलीविजन पर धर्म विशेष के खिलाफ उकसाने वाली टिप्पणी की। उन्होंने लोगों की भावनाएं भड़काई हैं और देशभर में जो कुछ भी हो रहा है, उसकी जिम्मेदार नूपुर ही हैं।

## कश्मीरी पंडित राहुल भट का हत्यारा मारा गया

**पुलवामा/बडगामः** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के वाटरहेल इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में 3 आतंकी मारे गए। इनमें से एक ने कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या की थी। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि इलाके में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था। इनमें से एक लतीफ राथर नाम का आतंकी कश्मीरी पंडित राहुल भट और अमरीन भट सहित कई नागरिकों की हत्या में शामिल था। एडीजीपी के मुताबिक सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। दूसरी तरफ पुलवामा में सुरक्षा बलों ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। यहां भारी मात्रा में कएऊ (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए गए। पुलिस इसे दोनों घटनाओं से जोड़कर देख रही है।

**पुलवामा में 25-30 किलो आईडी बरामदः** एडीजीपी कुमार ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों के जॉइंट ऑपरेशन के दौरान पुलवामा में सर्कुलर रोड पर तहब क्रॉसिंग के पास 25 से 30 किलोग्राम आईडी बरामद किया गया, जिसे डिफ्यूज कर दिया गया है।

### तिरंगे की कीमत पर गरीब का निवाला छीनना शर्मनाक

## हर घर तिरंगा अभियान पर सरकार पर बरसे वरुण गांधी

**नई दिल्लीः** जनता के मुद्दों पर केंद्र सरकार पर हमलावर रहने वाले बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान पर निशाना साधा है। वरुण गांधी ने ट्विटर पर लिखा कि 'आजादी की 75वीं वर्षगांठ का जश्न गरीबों पर बोझ बन जाए तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। देश में राशन कार्ड धारकों को तिरंगा खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। तिरंगा न खरीदने पर उनके हिस्से के राशन में कटौती की जा रही है।'

**राशन डीलर बोले- ऊपर से आदेश हैः** बीजेपी सांसद ने कहा कि हर भारतीय के हृदय में बसने वाले तिरंगे की कीमत गरीब का निवाला छीन कर वसूलना शर्मनाक है। उन्होंने ट्विटर पर एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें लोग कह रहे हैं कि हमारे पास राशन खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं और हम तिरंगा खरीदने के लिए पैसे कहां से लाएं। वीडियो में राशन डीलर भी दावा कर रहा है कि उसे ऊपर से आदेश है कि उन्हें इतने तिरंगा हर हाल में खपाने हैं।




**क्या है पूरा मामलाः** दरअसल, केंद्र सरकार ने आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 20 करोड़ घरों पर तिरंगा लगाने का फैसला किया है। वहीं, बीजेपी शासित राज्यों में इसका खूब प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी बीच हरियाणा में सोशल मीडिया पर एक मैसेज वायरल हुआ।

## पंजाब सरकार को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

**चंडीगढ़ः** मुल्लांपुर के नजदीक करीब 2800 एकड़ जमीन खाली कराने के मामले में पंजाब सरकार को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने इस पर स्टे लगा दिया है। यहां फौजा सिंह कंपनी की करीब 1200 एकड़ जमीन छुड़ाने का दावा था। जिसके खिलाफ वह हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट में पंजाब सरकार के वकील संतुष्टिजनक जवाब नहीं दे सके। जिसके बाद हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर पूरा जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी।



**जमीन मालिक को ऑर्डर की कॉपी नहीं दी गईः** इस मामले में फौजा सिंह कंपनी ने कहा कि उन्होंने पंचायत से यह जमीन नहीं खरीदी। उनसे पहले कोई दूसरा इसका मालिक था। जिससे उन्होंने यह जमीन ली। यह पंचायती जमीन है।

### इससे निपटने के मुद्दे पर दोहरा रवैया गलत

## आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा

**न्यूयॉर्कः** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक अहम मीटिंग में कम्बोज ने कहा- आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसको लेकर दोहरे मापदंड नहीं अपनाए जा सकते। ये बिल्कुल साफ है कि टेरेरिज्म का खतरा बहुत तेजी से बढ़ रहा है और इससे दुनिया का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं रहा। कम्बोज दुनिया में आतंकवाद का खतरा विषय पर बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा- अगर हमने आतंकवाद को सिर्फ आतंकवाद नहीं माना, इसे अलग-अलग देखना बंद नहीं किया तो इससे खतरा बढ़ता जाएगा। अपनी सुविधा के हिसाब से इस समस्या को देखना खतरनाक साबित होगा। इसके खिलाफ दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी होगी।



**आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतराः रुचिरा कम्बोजः** रुचिरा ने कहा कि दुनिया के एक हिस्से में आतंकवाद पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है और इसलिए इस अंतरराष्ट्रीय चुनौती के लिए हमारी प्रतिक्रिया इंटीग्रेटेड, कोऑर्डिनेटेड और सबसे महत्वपूर्ण रूप से प्रभावी होनी चाहिए। उन्होंने कहा- आपको याद होगा कि पिछले साल 9/11 के आतंकी हमलों की 20वीं सालगिरह पर भारत के विदेश मंत्री ने संयुक्त रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए कई सुझाव दिए थे।

**कौन हैं रुचिरा कम्बोजः** रुचिरा कम्बोज न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारत की पहली महिला राजदूत हैं। इसी साल जून में उन्हें भारत का स्थायी प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त किया गया है। उन्होंने राजदूत टीएस तिरुमूर्ति की जगह ली है। पिछले मंगलवार को उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में भारत की नई स्थायी प्रतिनिधि के रूप में अपना कार्यभार संभाला।

## कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस 2 दिन के रिमांड पर

**चंडीगढ़ः** कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस अब फरीदकोट पुलिस के शिकंजे में पहुंच गया है। बुधवार को उसे मोगा पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे फरीदकोट पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर ले गई। फरीदकोट कोर्ट में पेश करने के बाद लॉरेंस का 2 दिन का पुलिस रिमांड मिल गया है। फरीदकोट में लॉरेंस पर कपड़ा व्यापारी से 50 लाख की फिरौती मांगने का आरोप है। इससे पहले लॉरेंस को डिप्टी मेयर अशोक धमीजा के भाई पर कातिलाना हमले के केस में मोगा पुलिस ने रिमांड पर लिया था। 1 अगस्त को मोगा पुलिस को लॉरेंस का 10 दिन का रिमांड मिला था। फरीदकोट में लॉरेंस पर एक मर्डर केस में भी आरोपी बताया जा रह है। लॉरेंस पर पूरे पंजाब में 17 केस दर्ज हैं। जिनमें हर केस में उसकी गिरफ्तारी डालकर पूछताछ की जा रही है।



**मूसेवाला हत्याकांड में पंजाब लाई थी पुलिसः** गैंगस्टर लॉरेंस को पुलिस पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के केस में पंजाब लाई थी।

## खबर संक्षेप

### राजा कमलाकर में आज होगी ब्लाक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कालेज, शंकरगढ़ में 11 अगस्त को ब्लाक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विकास खंड शंकरगढ़ के सभी माध्यमिक विद्यालयों के वह बच्चे भाग लेंगे, जो स्थानीय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है।यह जानकारी देते हुए राजा कमलाकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में माध्यमिक विद्यालयों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों के लिए अब ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता 11 अगस्त को होगी।ब्लाक स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले बच्चे जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जनपदीय प्रतियोगिता में सभी ब्लाकों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चे भाग लेंगे।

# मसाढ़ी में पिकप की टक्कर से तीन युवकों की दर्दनाक मौत



आक्रोशित लोगों को समझाते एसडीएम हण्डिया व एसओ सरायममरेज व पुलिस बल

**अखंड भारत संदेश**

**धनूपुर।** सरायममरेज थाना क्षेत्र के मसाढ़ी गांव में बुधवार दोपहर अनियंत्रित पिकअप ने बाइक से आ रहे तीन दोस्तों को रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर तीनों दोस्तों की मौत हो गई। एक युवक की एक माह पहले शादी हुई थी। गुस्साए ग्रामीणों ने शव को उठने नहीं दे रहें हैं। सरायममरेज थाना क्षेत्र के मसाढ़ी गांव निवासी पांचू पुत्र रामजश बिंद,नीरज पुत्र लल्लू पासी और सुनील पुत्र प्रिंसिपल पासी तीनों दोस्त बुधवार दोपहर बाइक से कहीं जा रहे थे। इनकी बाइक जैसे ही गांव से सड़क पर पहुंची कटहरा की तरफ से आ रही अनियंत्रित पिकअप जीप ने तीनों दोस्तों को रौंद दिया। जिससे तीनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तीनों युवकों की मौत की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। भारी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए गुस्साए ग्रामीणों ने तीनों युवकों के शव को उठने नहीं दिया। तीन तीन युवकों की गांव में मौत होने से पूरे गांव में कोहराम मचा है। मौके पर एसडीएम हंडिया, थानाध्यक्ष सरायममरेज सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## मोटरसाइकिल और कार की भिड़ंत में युवक की हालत गंभीर

**शंकरगढ़।** मोटरसाइकिल व शिफ्ट डिजायर कार की आमने सामने भिड़ंत में मोटरसाइकिल सवार को गंभीर चोटें आई हैं। घटना शंकरगढ थाना क्षेत्र के रानीगंज तिराहे की बुधवार शाम चार बजे की है। शंकरगढ के मझियारी बहेलिया गांव का सिराज अहमद 22 वर्ष पुत्र अस्गर अली शंकरगढ बाजार से अपनी मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव जा रहा था।वह जैसे ही रानीगंज तिराहे पर पहुंचा सामने से आ रही शिफ्ट डिजायर कार से सीधा टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी की मोटरसाइकिल पूरी तरह टूट गई व सिराज छिटक कर दूर जा गिरा। जिससे उसका एक पैर तीन जगह से टूट गया तथा सिर में गंभीर चोटें आई। सूचना पर पहुंची शंकरगढ पुलिस ने सिराज को बेहोशी की हालत में अस्पताल ले गई। जहां हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज रिफर कर दिया गया।

## राखी बांधने मायके जा रही महिला शिक्षा मित्र की मौत, पति घायल

**प्रयागराज।** भाई की कलाई सजाने मायके जा रही महिला शिक्षामित्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। चोट लगने से उनके पति की हालत गंभीर है। यह हादसा बुधवार को लाला बाजार में तब हुआ जब बाइक सवार दंपती को बेकाबू ट्रक की टक्कर दी। पुलिस पर आरोप लगा है कि उसने ट्रक को पकड़ने के बाद छोड़ दिया। इससे लोगों में आक्रोश है।लालगंज के बीरबल गांव निवासी 42 वर्षीय मुन्ना द्विवेदी प्राइवेट पशु चिकित्सक हैं। वह अपने ननिहाल शेखपुर चौरास में रहते हैं। पास ही बीरबल गांव में उनकी पत्नी 38 वर्षीय सरिता देवी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र थीं। बुधवार सुबह मुन्ना बाइक से पत्नी सरिता को लिवाकर ससुराल चित्रकूट जा रहे थे। सरिता ने सोचा था कि रक्षाबंधन के एक दिन पहले ही मायके जाकर अपनों के बीच कुछ समय भी बिताएंगी। राखी बीतने पर लौट आएंगी, पर ऐसा न हो सका। सुबह करीब साढ़े छह बजे दोनों मानिकपुर के लाला बाजारके पास पहुंचे थे कि आलापुर की तरफ से मोरंग लादकर आ रहे अनियंत्रित ओवरलोड ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको लोगों की मदद से सीएचसी संग्रामगढ़ ले जाया गया।वहां पर चिकित्सकों ने सरिता को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल पति मुन्ना द्विवेदी को प्रयागराज एसआरएन रेफर कर दिया। उधर, घटना के बाद भाग रहे ट्रक का वहां के लोगों ने पीछा किया। संग्रामगढ़ थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने ट्रक को रुकवा लिया, लेकिन थोड़ी देर बाद छोड़ दिया। मुन्ना के रिश्तेदार अजय कुमार पांडेय का आरोप है कि पुलिस को जानकारी देने के बाद भी ट्रक को छोड़ दिया गया। इसे लेकर स्वजन आक्रोशित हैं।

## न्यूज झरोखा

### आदिम समाज पार्टी ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शंकरगढ़।** आदिम समाज पार्टी के बैनर तले बुधवार को शंकरगढ़ की विभिन्न समस्याओं के निदान को लेकर ब्लाक मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया गया। पार्टी के अध्यक्ष राजमणि कोल ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ रामविलास राय को सौंपा, जिसमें बताया गया है कि जनसमस्याओं के निदान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिसके चलते समस्याएं बनी हुई हैं। अध्यक्ष राजमणि कोल ने मुख्यमंत्री कोल आवास योजना का लाभ ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर लाभार्थियों को देने की मांग की है। इसी तरह भूमिहीन कोल आदिवासी मजदूरों को आवासीय पट्टा, रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) के तहत काम 100 दिनों की संख्या को बढ़ाकर 200 दिन किए जाने और दैनिक मजदूरी 500 रुपया करने, मनरेगा के तहत सभी ग्राम पंचायतों में समय से मजदूरी का भुगतान कराने की मांग की गई है।इसी तरह सभी ग्राम पंचायतों में कमेटी बनाकर नाली, खड़ंजा, इंटरलाकिंग, आवास, शौचालय की गुणवत्ता की जांच कराने, कैंप लगाकर विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन का लाभ देने और सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठक के लिए मुनादी कराने की मांग उठाई है। इस मौके पर सुशील कुमार, रामजी, गंगादीन कोल, शिव बहादुर सिंह, वीरेंद्र कोल, पवन, पप्पू कोल, रामपति, शिवकली देवी आदि मौजूद रहीं।

### खेल प्रतियोगिताओं से युवाओं में निखार आता है : बीडीओ

#### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ी हुए पुरस्कृत



**करछना।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग प्रयागराज के तत्वाधान में खंड स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता सरदार पटेल पीजी कालेज सोनाई करछना प्रयागराज में किया गया जिसका उद्घाटन कमलेश द्विवेदी प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख करछना ने किया एवं समापन एवं पुरस्कार वितरण खण्ड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने किया, प्रतियोगिता में दौड़ ,डिस्कस थ्रो ,गोला फेंक, वालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 मीटर में विजेता टीम खुशबू प्रजापति 400 मीटर में प्रथम स्थान अमित कुमार कुशवाहा, बालिका वर्ग में नंदिनी कुशवाहा प्रथम, बालक वर्ग में अमित कुमार कुशवाहा प्रथम, बालिका वर्ग में महिमा पटेल प्रथम, बालक वर्ग में शिवा प्रथम ,सुनीता एवं डिस्कस थ्रो में लवली भारतीय प्रथम ,संजय कुमार प्रथम ,गोला फेंक में विजेता लवली भारतीय प्रथम, शरद निषाद बालक वर्ग प्रथम, वालीबाल में विजेता भीरपुर टीम विजई घोषित हुई, खिलाड़ियों को खंड विकास अधिकारी देव कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चाका दिनेश कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी करछना संतोष सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जसरा देवांशिका सिंह ,एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा, लक्ष्मीकांत ,दिनेश कुमार आदि बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी शामिल हैं,

### पर्यावरण की स्वच्छता के लिए किया गया पौधरोपण



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों में जिला महामंत्री गंगा पारगंगा पार जीतलाल तिवारी की अगुवाई में मंगलवार को वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया। इसी क्रम में सहसों मंडल के ग्रामसभा देवनहरी, चिरौरा और सराय हुसैना गांव में फलदार वृक्ष लगाए गए जिसमें आम, अमरूद, जामुन आदि शामिल है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी कांत उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण के लिए वृक्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं पर्यावरण को शुद्ध, स्वच्छ एवं संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षों का होना अति आवश्यक है। ऐसे वृक्ष हमें फल तो देते ही हैं साथ में भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन और छाया भी देते हैं जिससे मिट्टी का कटान भी रुकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दया शंकर त्रिपाठी, भगवान प्रसाद शुक्ल, गुलाब प्रसाद त्रिपाठी, रमेश कुमार पटेल, डॉ राजेंद्र वर्मा, बजरंग बहादुर सिंह, बाबा दिन शुक्ल, अंचल शुक्ला, पवन कुमार शुक्ला, सूरज प्रसाद शुक्ल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों ने चित्र कला प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग



**करछना।** बालविकास परियोजना अधिकारी ने करछना में आंगनबाड़ी केंद्रों पर चिंत्रकला प्रतियोगिता का आयोजन को किया गया इस अवसर पर बालविकास परियोजना अधिकारी और मुख्य सेविकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र जगौती बच्चों को प्रोत्साहित किया गयाआनन्द सिंह बालविकास परियोजना अधिकारी अर्चना सिंह सुषमा सिंह मीना साक्य शशी पभा सिंह मुख्य सेविका सुपर वाइजर आरती त्रिपाठी आशा सोनी कल्याण मिश्रा संगीता सिंह शुषमा कोटार्य मिथिला कुमारी आदि कार्य कत्रियो ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

### ब्लॉक मुख्यालय सहसों में प्रमुख ने किया झंडा वितरण



**सहसों।** विकासखण्ड सहसों में तिरंगा झंडा का प्रमुख द्वारा वितरण का कार्यक्रम किया गया। भाजपा मंडल सहसों के मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज एवं महामंत्री पवन कुमार शुक्ला के साथ ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने बुधवार को विकासखण्ड सहसों के परिसर में मिलकर 700 तिरंगा झंडा का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में सभी शक्ति केंद्रों के संयोजकों को बुलाकर झंडा एवं डंडा वितरित किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने कहा तिरंगा झंडा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है इसको जहां पर लगाया जाए वहां पर इसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। 75 वां आजादी का पर्व अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है यह देश के लिए सम्मान और गौरव की बात है हम सभी कार्यकर्ता आने वाले 15 अगस्त को पूरे जोश और उत्साह के साथ तिरंगा झण्डा के साथ प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को इसके विषय में जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेंद्र कुशवाहा, प्रसिद्ध नारायण पांडे, प्रमुख निधि शिव नारायण सिंह गप्पू , लक्ष्मी कांत पांडे, राहुल सिंह, शिव शंकर दूबे, हृदेश दुबे, दीनानाथ पटेल, विमल मिश्रा, पुष्कर सिंह पटेल, राजकुमार जयसवाल, राजेश कुमार, रमेश कुमार पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 13 अगस्त को नगर में निकलेगी विशाल जन जागरूकता रैली

**शंकरगढ़।** प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़ के तत्वावान में 13 अगस्त को विशाल जन जागरुकता तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इस रैली में 7500 बच्चे व आम नागिरक भाग लेंगे। उन्होंने जनसामान्य से भी आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### पानी भरने के विवाद में मार पीट के साथ की अश्लील हरकत

**मऊआइमा।** पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर घर में घुस कर मारे पीटे तथा महिला के साथ अश्लील हरकतें किए। तथा महिला के पति को बुरी तरह जख्मी कर दिया गया।पुलिस ने पांच नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। बता दें कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय लहुरी निवासनीय एक महिला का आरोप है कि पानी भरने के विवाद को लेकर उनके विपक्षी एक राय होकर घर में घुस उसको बुरी तरह तरह मारे पीटे तथा सात माह का गर्भ गिरने की संभावना है। जब महिला का पति आया तो उसे मार पीट कर अधमरा कर दिए। महिला ने मऊआइमा थाने में पुष्पा देवी ,दीपक दुबे ,पंडित दुबे ,शिवशंकर ,सुनीता मिश्रा को नामजद करते हुए पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।



## शिव इंटर कॉलेज कटहरा में तिरंगा यात्रा निकालकर किया जागरुक

**धनूपुर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शिव इंटर कॉलेज कटहरा में रैली निकाल कर जागरूक किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी प्रांत एवं सदस्य रेलवे बोर्ड भारत सरकार अमरनाथ यादव, महेश पांडेय जिला मंत्री गंगापार तथा प्रधानाचार्य डॉ सुयोग पांडेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी में प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के अनुराग केशरवानी, आर्थिक प्रकोष्ठ के श्याम बाबू गुप्ता, विद्यालय के शिक्षक रामानुज सिंह, राधेमोहन, राजीव रंजन,संजय यादव, महेश, सूर्यबली पाल, प्रभा सिंह, लालगीतेश्वर सिंह, मनोरमा, अभिषेक, धर्मेंद्र मिश्रा, संतोष राय, नीरज गुप्ता, शरद यादव, लिपिक हैदर, विवेक सिंह, राय साहब मौर्या, चंद्रभान सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया संचालन ब्रजेश शंखधर ने किया।

## श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का किया गया व्याख्यान

**जारी।** राधा माधव भक्त मंडली प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में छठे दिन श्रीकृष्ण-रूकमणि के विवाह का आयोजन किया गया। कथा वाचिका किशोरी मनु प्रिया जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया. ।कथा में भजन में 'तो सुन मुरली की तान दौड़ आई सांवरिया' पर श्रोताओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। भगवान श्रीकृष्ण रूक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया. कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया.। कथा में सहयोगी के रुप में पूज्य सत्यम प्रपन्नाचार्य , मुरारी केसरवानी, तिवारी जी, शिवराम अग्रहरी , छोटे लाल गुप्ता, अरुण प्रताप सिंह, पप्पू केसरवानी ,रमेश चंद्र केसरवानी (व्यास जी) अशोक केसरवानी, सेहत बिहारी, कमलेश अग्रहरी ,नितेश गुप्ता ,राकेश अग्रहरी,अन्य भक्त जन महिलाएं प्रवचन में शामिल रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल, संगठन की मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री माननीय संदीप बंसल के निर्देश पर उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष मंडल प्रभारी प्रयागराज अतुल गुप्ता जी ने जिला एवं महानगर की बैठक करके संगठनात्मक, रजिस्टर को चेक करते हुए, संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष प्रयागराज रमेश केसरवानी, मंडल प्रभारी नीरज जायसवाल, को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए, यह आवाहन किया कि व्यापारी जोड़ो अभियान के तहत, सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाते हुए विधानसभा स्तर, वार्ड स्तर, ब्लॉक स्तर पर, व्यापारियों को जोड़ने का काम करें, ताकि संगठन मजबूत हो, और संगठन मजबूत होगा तो आप मजबूत होंगे, और गुटबाजी से बचते हुए, व्यापारियों की सेवा करें, तभी प्रदेश एवं जिले में नाम होगा। अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री जिला अध्यक्ष रमेश केसरवानी ने किया तथा संचालन मंडल प्रभारी नीरज जायसवाल ने किया, प्रमोद बंसल, बबलू रघुवंशी, जे एस वृद्धि, अनिल गुप्ता, निखिल केसरवानी, आशुतोष सिंह, संजय त्रिपाठी, निलेश केसरवानी,पंकज चौधरी मीडिया प्रभारी यतिन चावला शैलेश जयसवाल, संजय कपूर गप्पू भैया, रूपाली अवस्थी, संजय खरबंदा, लक्ष्मी बहुगुणा जोशी, अपूर्व चंद्रा, पूनम द्विवेदी, मुनमुन अधिकारी, ज्योति साहू, वंदना त्रिपाठी , कृति जायसवाल, अवधेश सिंह, प्रमोद यादव, सचिन निषाद, स्वारिका भारद्वाज, पंकज जायसवाल अंकुर अग्रवाल अंकित अग्रवाल आप भाभी जी कमलेश जायसवाल आदि व्यापारी गण उपस्थित हुए।

# नैनी सेंट्रल जेल की महिला बंदी बना रही हैं रक्षाबंधन पर्व की राखियां



**अखंडाारत संदेश**

**नैनी।** राखी शब्द आते ही भाई बहन का पवित्र रिश्ता और प्यार नजरों के सामने आ जाता है। रक्षाबंधन पर बहन जब बाजार में राखी लेने जाती है, तो सिर्फ उसे खरीदती नहीं है, बल्कि चुनती है, वो राखी को चुनते समय भाई के लिए प्यार उड़ेल देती है। लेकिन कुछ बहनें ऐसी होती हैं, जो हालात के कारण भाई को राखी नहीं बांध पातीं, ऐसी बहनों ने दूसरी बहनों के भाइयों की कलाई पर राखी सजाने का ठाना है। ये कहानी हालात में उलझी उन बहनों की है, जो प्रयागराज के नैनी सेंट्रल जेल की चहार दीवारी में कैद है। अपराध की सजा काट रही महिला बंदी नैनी सेन्ट्रल जेल में इन दिनों राखी बना रही हैं। खास बात यह है कि जेल में बन रही राखियों पर भी आजादी के अमृत महोत्सव की झलक देखने को मिल रही है। तिरंगा थीम पर महिला बंदियों ने राखियां तैयार की हैं। जेल प्रशासन तिरंगा थीम पर बनी राखियों को खरीदने का प्लान बनाया है, जो राखियां बचेंगी उन्हें बाहर बाजारों में भेजा जाएगा।नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ पी एन पांडेय ने बताया की रक्षाबंधन को लेकर जेल प्रशासन की तरफ से जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई गई थी। अब तक जेल में बंद महिला बंदियों ने करीब पांच हजार राखी तैयार की है। उन्होंने बताया कि अधिकतर महिला बंदी पहले से राखी बनाना जानती थी। कुछ महिलाओं का खुद का क्रिएशन है। जेल अधीक्षक ने बताया कि महिला वार्ड में सैकड़ों महिला बंदी हैं। इनके साथ लगातार अच्छे काम किए जाते हैं। छोटे छोटे उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। इनके स्वावलम्बन के लिए कई कार्यक्रम किए जाते हैं। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए महिला बंदियों ने राखी बनाने की इच्छा जाहिर की थी। जिस पर जेल प्रशासन ने महिला बंदियों को जरूरी सामग्री उपलब्ध कराई है। जेल में बंद महिलाओं द्वारा बनाई जा रही राखी को जेल से जुड़े अधिकतर कर्मियों और अधिकारी खरीदेंगे। जो राखियां बचेगी उसे मार्केट में बेचा जाएगा। जेल अधीक्षक ने बताया कि इस बार जेल में बंद कैदियों की कलाई में बांधने के लिए राखी जेल प्रशासन ही उपलब्ध कराएगा। जेल में मिलाई को लेकर भी कोई रोक नहीं होगी, जरूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकेगी।



## रक्षाबंधन त्यौहार पर सजी राखी की दुकानें, लगी खरीददारों की भीड़

**बारा।** रक्षाबंधन का त्यौहार नजदीक आने पर बारा तहसील क्षेत्र के बाजारों में राखी की दुकानें सज गई है दुकानों पर खरीददारों की भीड़ लगातार देखने को मिल रही है रक्षाबंधन का त्यौहार श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है जिसमेंबहने अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर अपने भाई के लंबी उम्र की कामना करती हैं और अपनी रक्षा का वचन लेती हैं पौराणिक कथाओं के अनुसार जब एक बार देवताओं की युद्ध में वृत्तसुर नामक असुर से इंद्र के प्राणों की रक्षा के लिए इंद्र की पत्नी शची ने तप किया जिसके स्वरूप उसे एक रक्षा सूत्र प्राप्त हुआ जिसको शची ने अपने पति इंद्र के हाथों में बांध दिया जिसे उनके प्राणों की रक्षा हुई कुछ जानकारों के अनुसार महाभारत काल में राजसूर्य यज्ञ के समय जब भगवान श्री कृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध कर दिया तो उनकी उंगली से खून बहने लगा यह देख कर द्रोपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़ कर उनकी उंगली पर बांध दिया उसी समय श्री कृष्ण में ने कहा था कि इस साड़ी की कीमत चुकाऊंगा द्रोपदी के चीर हरण के समय श्री कृष्ण ने साड़ी को बढ़ाकर द्रौपदी की लाज की रक्षा की थी तभी से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाता है।

# पुलिस आला अधिकारियों संग स्कूली छात्राओं ने मनाया उल्लास के साथ राखी का पर्व

**नैनी।** बुधवार को लाला राम कुमार अग्रवाल इंटर कॉलेज नैनी में राखी का पर्व हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में एडीजी प्रयागराज श्री प्रेम प्रेम प्रकाश विद्यालय परिसर में मौजूद रहे।विद्यालय के बच्चों और अध्यापिकाओं ने प्रेम प्रकाश ,पुलिस अधीक्षक यमुनापर सौरभ दीक्षित जी,सीओ करछना राजेश यादव नैनी थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा , अजय कुमार सिंह ,संदीप यादव जी एवं एसपीओ यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अन्य पुलिस कर्मियों को हस्थ निर्मित तिरँगे रंग के राखियाँ बांधकर भाई बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन के त्योहार को मनाया गया । साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही सभी पुलिसकर्मियों को राखियां एवं मिठाई भी भेंट की गई। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्य भी एडीजी महोदय द्वारा किया गया। साथ ही एडीजी महोदय द्वारा सभी लोगों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।इस मौके पर पत्रकार बंधु अध्यापक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल जी ने मुख्य अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह एवं प्रबंधक श्री अनुज अग्रवाल जी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।





# रक्षाबंधन पर राष्ट्र एवम पर्यावरण के रक्षा का भी वचन लें बहनें : डा. शुभी सचान

**जसरा।** प्रकृति एवम पर्यावरण जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी होता हैं।पर्यावरण जितना अधिक संतुलित होगा जीवन उतना ही अधिक शानदार एवम सुखमय होगा इसलिए हमें सदैव पर्यावरण के सलामती हेतु सचेत रहना चाहिए उक्त अनमोल उदगार डा. शुभी सचान के हैं आगे उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न त्योहारों, राष्ट्रीय पर्व पर वृक्षारोपण, जल संरक्षण इत्यादि नेक कार्य अवश्य करने चाहिए इससे व्यक्ति के जीवन में समृद्धि बढ़ेगी। इस अवसर पर डा. शुभी सचान बहनों से आगामी रक्षाबंधन के अवसर पर स्वयं की रक्षा के साथ प्रकृति एवम पर्यावरण सलामती हेतु रक्षा का वचन के लिए भी प्रेरित की ।अपने सम्बोधन के दौरान डा. शुभी सचान नें आजादी के अमृत महोत्सव पर घर पर तिरंगा फहराने की अपील के साथ यह भी बोली कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक अपने प्राणों की आहूति देने में एक सेकेंड का भी वक्त नहीं लगाते हैं इसलिए हम सभी लोगों का नैतिक कर्तव्य भी बनता हैं कि राष्ट्र की एकता, अखंडता हेतु देश के विकास में अपना योगदान प्रदान करें ।अपने उदबोधन के अंत में डा. शुभी सचान सभी भाइयों को उपहार स्वरूप पौधे भेंट करने एवम उनकी रक्षा हेतु वचन लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उक्त अवसर पर युवा समाजसेवीं एवम शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल नें रक्षाबंधन सहित सभी त्योहारों पर वृक्षारोपण के साथ लगें हुए पेड़ों की देखभाल के लिए भी प्रेरित किये ।जसरा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज की पूर्व प्रधानाचार्या सुकुंती देवी सचान नें आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर हर घर तिरंगा -घर पर तिरंगा के नारें को बुलंद करते हुए घर, गली, प्रतिष्ठान, धार्मिक स्थलों पर ध्वजारोहण के लिए प्रेरित किया गया। मेडिकल छात्र शिवांशु सचान, हाईकोर्ट के शासकीय अधिवक्ता शिवशंकर सचान आदि लोगों नें भी पर्यावरण, राष्ट्रप्रेम समेत विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार प्रकट किये।

# शिवपाल यादव पहुंचे विनोद पाण्डेय के पैतृक गांव

## पिता को दी श्रद्धांजलि, राजनैतिक सवालों को चतुराई से टाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव आज जूबाए के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय के पैतृक गांव सराय इंद्रावत डेरवा पहुंचे जहां उनके पिता स्व0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

इस अवसर पर उन्होंने वहां मौजूद पत्रकारों से पूछे गये सवालों पर गोल-मोल जवाब दिया। पत्रकारों ने जब उनसे बिहार की घटना पर प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा कि नीतीष कुमार पुराने व सीनियर लीडर हैं। वह आठवीं बार शपथ लेने जा रहे हैं। वहीं तेजस्वी यादव को भी उन्होंने कहा कि वह भी परिपक्व हो चुके हैं। जेडीयू के पलटी मारने के निर्णय पर उन्होंने कहा कि इसका फैसला बिहार की जनता करेगी। हम आप फैसला नहीं कर सकते।



विनोद पाण्डेय के पिता को श्रद्धांजलि देते राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव।

उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के लिये सभी पार्टियां अपना-अपना वोट बैंक तैयार कर रही हैं। हम भी अपनी पार्टी को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। किसी भी पार्टी से गठबंधन पर उन्होंने कहा कि अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

### पशुपालक एच0एस0 गलाघोटू का निःशुल्क टीकाकरण करायें

**प्रतापगढ़।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार ने बताया है कि जनपद में 31 अगस्त 2022 तक एच0एस0 गलाघोटू टीकाकरण रोग का शत प्रतिशत निःशुल्क टीकाकरण घर-घर जाकर सम्पादित किया जा रहा है। 08 माह से अधिक गर्भित गाय व भैंस व 04 माह से कम उम्र के बच्चों को छोड़कर समस्त पशुओं का टीकाकरण आवश्यक है। जनपद के समस्त पशुपालक एच0एस0 गलाघोटू टीकाकरण रोग का निःशुल्क टीकाकरण टीम घर-घर पहुँचने पर अपने पशुओं में टीकाकरण कराकर कार्यक्रम को सफल बनाये। गलाघोटू रोग एक संक्रामक घातक रोग है। टीकाकरण कार्य हेतु अपने सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर सकते है जिले स्तर पर टीकाकरण हेतु वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, वर्तमान में युद्ध स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम संचालित है।

# रक्षाबंधन पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने खूब मचाया धमाल

## हैप्पी टाइम स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे शामिल हुए रक्षाबंधन कार्यक्रम में

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल में रक्षाबंधन के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने खूब धमाल मचाया। स्कूल की छात्राओं ने छात्रों की कलाई में राखी बांधी तो छात्रों ने उन्हें चाकलेट व मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया।

छात्राओं ने भइया मोरे राखी के बंधन को निभाना गीत को भी गुनगुनाया। स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने सभी छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। रक्षाबंधन की व्यवस्था में प्रियांशी, सृष्टि, सीमा, हसन सर, उमेश सर, अंजली मिश्रा, स्नेहा आदि ने सहयोग किया। इसी प्रकार सरस्वती शिषु मंदिर चिलबिला पूर्वी में स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की



हैप्पी टाइम स्कूल में छात्रों को राखी बांधती छात्राएं।

गई जिसमें छात्राओं ने अपनी कलात्मक मेंहदी के प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया। मेंहदी लगाने में बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर अभिभावक के रुप में सविता पाण्डेय, मंजू प्रजापति आदि के आंकलन में लक्ष्मी प्रजापति को प्रथम पुरस्कार तथा ईषा वर्मा को द्वितीय पुरस्कार व मानसी सिंह को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य दिग्विजय पाण्डेय ने कहा कि बच्चों में ऐसे कार्यक्रमों से इनकी प्रतिभा का आकलन होता है।

## भोलेशंकर के भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकास क्षेत्र कालाकांकर के रामपुर गडौली (उत्तर का पुरवा) में आयोजित सावन माह के पर्व पर शिवलिंग मन्दिर में मंगलवार को रुद्राभिषेक के पश्चात यजमान प्रमोद कुमार को शास्त्री जी ने पूजन अर्चन कराया। उसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विशाल भण्डारे के आयोजक शिवशंकर ओझा (स्वामी बिना पूजानन्द महाराज) मनोज कुमार ओझा उर्फ गुड्डु भईया, विनोद कुमार ओझा (गफुरे) पूर्व ब्लाक प्रमुख बीएन सिंह कालाकांकर, मनोज कुमार सिंह (झुकवारा) प्रताप नारायन मिश्र, योगेंद्र सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य,राजा यादव, अतुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



शिवलिंग मंदिर पर रुद्राभिषेक करते श्रद्धालु।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर करें प्रचार प्रसारः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजत किया जायेगा।

उन्होने कहा है कि समस्त विभागों, कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, नगर निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों, संस्थानों, परिषदों आदि की वेबसाइट के होम पेज पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सूचना प्रकाशित की जाये। सरकार द्वारा अनुदानित/गैर अनुदानित सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक संस्थाओं एवं निजी संगठनों की वेबसाइट के होम पेज पर भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सूचना प्रकाशित की जाये। समस्त सरकारी विभाग, कार्यालयों, विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, नगर निकायां, सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों, संस्थानों, परिषदों, अनुदानित संस्थानों द्वारा प्रयोग की जाने वाली समस्त स्टेशनरी, लेटर हेड, लिफाफा, निमंत्रण पत्रों आदि में हर घर तिरंगा कार्यक्रम 13 अगस्त से 15 अगस्त अनिवार्य रूप से मुद्रित किया जाये। समस्त प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों में आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम 13 अगस्त से 15 अगस्त भी अंकित कराया जाये।

आयोजित होने वाले समस्त सरकारी, गैर सरकारी, निजी संगठनों के कार्यक्रमों के स्थल पर आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बैनर एवं स्टैण्डी अवश्य लगाया जाये। समस्त विभागों, कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, निकायों, सार्वजनिक क्षेत्रों के निगम/संस्थानों, परिषदों, अनुदानित संस्थाओं की सूचना पटल/परिसरों में आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के पोस्टर/बैनर/स्टैण्डी भी लगायी जाये। आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम का लोगो आजादी का अमृत महोत्सव की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों/विभागों को निर्देशित किया है कि दिये गये निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये हर घर तिरंगा कार्यक्रम के फसल क्रियान्वयन हेतु निर्धारित दायित्वों का प्रभावी अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

## दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री आलापुर में रुके

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह बुधवार को कौशाम्बी तिरंगा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कार से जा रहे कि अचानक आलापुर में कुँवर मनीष सिंह के पेट्रोल पम्प पर रुक कर कुँवर मनीष सिंह के पिता कुँवर गिरीश बहादुर सिंह का कुशल क्षेम पूछा। कुँवर मनीष सिंह ने स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश सिंह का स्वागत सत्कार किया जिस पर कृषि विपणन विभाग एवं उद्यान विभाग मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों को अच्छी प्रकार की खेती के लिए अनेक प्रकार के बीज व खाद उपलब्ध करा रही है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रदेश का किसान खुशहाल रहे। इस मौके पर गौरव, काजू, राजाराम, संतोष कुमार, विवेक जायसवाल, अश्वनी पांडेय, विवेक विजय सरोज (पूर्व प्रधान) आदि लोग मौजूद रहे। उधर भाजपा मन्डल कुसुवापुर अध्यक्ष मोहित मिश्रा ने पार्टी कार्यालय कुसुवापुर में बुधवार को क्षेत्र के किसानों युवा पीढ़ी को झंडा वितरण किया और लोगो से अपील किया कि 11 अगस्त से 17 अगस्त तक आजादी का अमृत महोसत्व को सफल बनाने के लिए घर घर मे तिरंगा लहराना है। इस मौके पर तारीख फारूकी, इंद्रदेव सोनकर, संजय तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, प्रकाश मौर्य, रामखेलावन पटेल (प्रधान जनवामऊ) सहित लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका ने सात ठेलेवालों से बरामद किया ढाई किलो प्लास्टिक के चम्मच व प्लेट

## 3500 रुपये का काटा गया चालान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका का प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक लगाये जाने का अभियान जारी है। नगर पालिका अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में बुधवार को अपरान्ह लगभग साढे. तीन बजे नगर पालिका की टीम कम्पनी गार्डेन के पास पहुंची और वहां से लेकर अम्बेडकर चैराहे तक ठेलों पर रखे प्लास्टिक के प्लेट, चम्मच, कांटा आदि को बरामद कर उन पर 3500 रुपये का जुमार्ना ठोंका।

बताया गया कि कुल ढाई किलो प्लास्टिक के सामान मिले हैं। नगर पालिका के अधिषाषी अधिकारी मुदित सिंह ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दुबारा



ठेलेवाले का चालान काटते नगर पालिका अधिकारी।

प्लास्टिक का प्रयोग मिलने पर अधिक दण्ड लगाया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों को प्लास्टिक का प्रयोग एकदम बंद करने की हिदायत दी। आज के इस चेकिंग अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सिंह, स्वच्छ भारत मिषन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह, डिस्टिक कोआर्डिनेटर आषीष मिश्रा व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोटा को निरस्त कर नये कोटे के चयन को लेकर बैठक बुलाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी खाद्यान्न के कोटे के चयन को अवैधानिक बताते हुए ग्रामीणों ने फिर से बैठक कराने की मांग उठाई है। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के प्रतापरूद्रपुर गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि गांव मे बीते आठ अगस्त को कोटा चयन की हुई बैठक अवैधानिक है। आरोप है कि यह बैठक पंचायत भवन मे होनी थी लेकिन इसे आंगनबाड़ी केन्द्र पर करा दिया गया। बैठक में ग्राम प्रधान की मौजूदगी भी नही रही। यही नही बैठक में कुल तीन स्वयं सहायता समूहों द्वारा ही आवेदन पत्र दिया गया। इसमें से दो स्वयं सहायता समूह सक्रिय रहे। यह भी आरोप है कि बैठक मे जिस स्वयं सहायता समूह का चयन किया गया है वह बारह वर्षो से निष्क्रिय था और मात्र पन्द्रह दिन पूर्व उसे सक्रिय कराया गया है। ग्रामीण देशराज साहू, शकुन्तला, विद्या देवी, बाबूलाल, प्रदीप, छोटू, छोटेलाल, राहुल वर्मा, राजकुमार वर्मा, शोभाराम, आदित्य कुमार, हेमलता, अर्जुन आदि ने जनहित में कोटे के चयन को निरस्त कर नये कोटे के चयन हेतु पुनः बैठक कराये जाने की ग्रामीणों ने मांग उठाई है।

# मिसरौली स्टेशन में पुल की लांचिंग, दो गर्डर रखे गए

## प्रतापगढ़ में बंद है पुल यात्रियों को आ रही दिक्कत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़-लखनऊ रेल मार्ग पर स्थित मिश्ररौली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म पर यात्रियों के जाने के लिए नए पुल की लांचिंग शुरू हो गई है। मंगलवार को दो गर्डर रखे गए। इसी के साथ ही उसके निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

उम्मीद है कि जल्द ही यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। जबकि बड़े जंक्शन प्रतापगढ़ में फुट ओवर ब्रिज(एफ ओ बी) को अभी तक चालू नहीं किया जा सका है। उसके दोनों छोर को बंद रखा गया है। जिससे यात्रियों को एक छोर से दूसरे छोर में आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान न देकर अन्य कार्यों की प्रगति का श्रेय लेने की होड़ में लगे हुए हैं। इस बारे में रेल निर्माण निगम के एक्सक्यूटिव इंजीनियर राकेश सैनी ने बताया कि मिश्ररौली में फुट ओवर ब्रिज के लिए गर्डर की लांचिंग हुई है। प्रतापगढ़ में पुल को जल्द ही यात्रियों को आने-जाने के लिए खोल दिया जाएगा।



मिसरौली स्टेशन पर रखे गये गर्डर।

## एससी एसटी का अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज एस आई अनूप कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर अपने हमराही के साथ थाना क्षेत्र के आलापुर तिराहे से बुधवार की सुबह एस सी एस टी के अभियुक्त बबलू सरोज पुत्र बाबूलाल किसुनदासपुर निवासी व ओम प्रकाश यादव उर्फ तोता पुत्र राजाराम नहरपार हिनाहू गाव निवासी को कही भागने की फिराक में वाहन का इन्तजार करते समय पुलिस ने दबोच लिया दोनों अभियुक्तों की लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

## पड़ोसियों ने युवक को पीटकर किया जखमी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कुएं पर मांस के टुकड़े फैलाने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने एक युवक को लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव का रहने वाला गजराज पुत्र रामदुलार ने बताया कि उसके कुएं पर उसके पड़ोसी मांस धोते हैं। मंगलवार को जब उसने विरोध किया तो पड़ोसी एक राय होकर उसे लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## गोहत्या के आरोपियों के गिरफ्तारी की उठायी मांग

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गोहत्या अधिनियम की धाराओं में दर्ज मुकदमें के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग उठाई गयी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के कोटवा शुकुलपुर निवासी तीर्थराज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रंगौली गांव के अखिलेश भारती पुत्र मेवालाल व पंकज भारती पुत्र रामलखन तथा रियाज के खिलाफ गोहत्या अधिनियम की धारा में बीते दिवस सांगीपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। लेकिन आरोपितो की अभी तक गिरफ्तारी नही हो सकी है। आरोपित गो तस्करी के कार्य में संलिप्त हैं। शिकायतकर्ता ने मुकदमें के आरोपितों के शीध्र गिरफ्तारी की मांग उठाई है। एसओ जीतेन्द्र सिंह का कहना है कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## दो पर मारपीट व धमकी का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कान का पुरवा बेलहा गांव निवासी नंदलाल सरोज पुत्र हन्नू ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते एक अगस्त को सुबह आठ बजे परिवार के बृजलाल व उसका बेटा रज्जन दरवाजे पर पहुंचे और धान की फसल नष्ट करने के आरोप को लेकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपितों ने पीडित को जमकर मारापीटा व जानलेवा धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## अज्ञात चालक पर दर्ज हुआ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक से ससुराल के लिए जा रहा युवक रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे उसकी मौत हो गयी। घटना से परिजनों मे कोहराम मचा है।

लालगंज कोतवाली के पूरे हरिकिशुन निवासी शिवप्रसाद यादव 42 पुत्र रामसकल यादव बीते मंगलवार की रात अपने ससुर के श्राद्ध कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए घर आया था। मंगलवार की रात ही वह घर से बाइक लेकर बेलहा गांव स्थित अपने ससुराल जा रहा था। रास्ते मे बेलहा के पास स्थित पेट्रोल पम्प के सामने रात करीब दस बजे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत मे सुधार न होने पर जिला अस्पताल से उसे एसआरएन अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर किया गया। परिजन घायल को लेकर प्रयागराज जा रहे थे कि रास्ते में उसकी सांसे थम गयी। युवक की मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। शव को लेकर परिजन घर लौट आये। बुधवार की सुबह पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक मुम्बई में प्राइवेट जॉब करता था। अपने पिता की मौत हो जाने से उसकी पत्नी मायके आ गयी है। वहीं मृतक के दोनों बेटे नितिन 20 व सचिन 18 मुम्बई मे हैं। घटना को लेकर मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# नगर में धूमधाम से निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अमृत महोत्सव अभियान के तहत बुधवार को लालगंज नगर में राज्यमंत्री की अगुवाई मे तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चों के साथ ही सांसद, भाजपा जिला अध्यक्ष, शिक्षक समेत तमाम लोग शामिल हुये। लालगंज नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज से तिरंगा यात्रा को खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीशचंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाई। भारत माता के जयकारे लगाते हजारों की संख्या में स्कूल के छात्रों के साथ तिरंगा यात्रा आरम्भ हुई। हाथ मे तिरंगा लिये राज्यमंत्री के साथ सांसद संगम लाल गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा, राजकुमार बरनवाल, बृजेन्द्र पाण्डेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह समेत तमाम लोग भारत माता के जयकारे लगाते दिखे। बड़ी संख्या मे छात्र छात्राओं व गाजे बाजे के साथ निकाली गयी तिरंगा यात्रा बहुगुणा पीजी कालेज, लालगंज चैक, कालाकांकर रोड, नगर पंचायत कार्यालय, तहसील मार्ग, सीओ कार्यालय, घुइसरनाथ रोड होते हुए पुनः स्कूल में आकर समाप्त हुई। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य आचार्य रामअवधेश मिश्र ने किया। इस दौरान नागेश प्रताप सिंह, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, रामसमुझ मिश्र अकेला, प्रदीप तिवारी, राजेश तिवारी, राजकुमार सिंह, संजीव तिवारी, हर्षद शुक्ल, ओमप्रकाश तिवारी झुन्ना, केके शुक्ला, राजेश मिश्र, हर्षद शुक्ल, जीतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### पेंशनर्स की मासिक बैठक 16 को

**प्रतापगढ़।** सेवा निवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा प्रतापगढ़ की मासिक बैठक 16 अगस्त 2022 मंगलवार को कोषागार कार्यालय प्रांगण स्थित पेंशनर्स हाल में सुबह साढे. दस बजे से होगी। बैठक में महत्वपूर्ण विषय पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाएंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय ने दी।

## सपाईयों ने रानीगंज में निकाली तिरंगा पदयात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधानसभा में बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वाहन पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम हेतु रानीगंज विधानसभा में नि. जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व विधायक डॉ. आरके वर्मा के नेतृत्व में रानीगंज पावर हाउस से रानीगंज बाजार तक भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद, वंदेमातरम व अमर शहीदों को याद कर नारा लगाते हुए तिरंगा पदयात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का समापन रानीगंज तहसील में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस तिरंगा यात्रा में नि. जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, नि. विधानसभा अध्यक्ष डॉ.शेर बहादुर यादव, आशुतोष पाण्डेय, मनीष पाल, बृजेश यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख मो.समीम, अमरपाल यादव, साबिर अली, सुधीर श्रीवास्तव, संतोष यादव, नरेंद्र पाल, उर्मिला यादव, शीला पाल, राजबहादुर यादव, तकदीरूद्दीन, जावेद खान, मुकेश पाल, विवेक यादव, राकेश यादव, आजम राय, शकील भट्टी सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 16 अगस्त तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी विनोद कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री के प्राथमिकता कार्यक्रम की कार्ययोजना अन्तर्गत उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मोटराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन वर्ष 2022-23 में वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया है कि मशीनों के वितरण हेतु परम्परागत कारीगर एवं प्रशिक्षण/अनुभव प्राप्त स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगर 16 अगस्त 2022 तक आवेदन कर सकते है। बोर्ड द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से चयन उपरान्त कुल 10 लाभार्थियों को मोटराइज्ड दोना पत्त मेकिंग मशीन उपलब्ध करायी जायेगी।

# चोट लगने पर सरसों तेल और हल्दी लगाने से मिलेंगे ये 5 फायदे, घाव और दर्द में होगा आराम



अकसर चोट लगने पर आप सभी मलहम या किसी क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आपके पास तुरंत कोई मलहम नहीं है, तो आप मामूली चोट या कट लगने पर रसोई की कुछ चीजों का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए किचन में मौजूद सरसों का तेल और हल्दी काफी फायदेमंद हो सकता है। सरसों का तेल और हल्दी चोट के घाव को तो ठीक करता ही है, साथ ही सूजन को भी कम करने में मदद कर सकता है।

**दर्द और सूजन कम करे**

हल्दी और तेल चोट पर लगाने आई सूजन को कम करने में सहायक हो सकता है। कई बार चोट दिखने में तो हल्की लगती है, लेकिन उसमें दर्द और सूजन काफी होती है। इसके लिए आप सरसों का तेल गर्म करें। इसमें हल्दी डालें और अपने चोट पर लगाएं। आप उस पर पट्टी भी बांध सकते हैं। ध्यान रखें कि अगर चोट ठीक नहीं हो रही है, तो डॉक्टर से अवश्य संपर्क करें।

**स्किन को बनाए हेल्दी**

कई बार चोट लगने से स्किन काफी खुरदरी हो जाती है। ऐसे में चोट पर सरसों का तेल और हल्दी लगाने से स्किन साफ और स्वच्छ नजर आती है। चोट पर सरसों का तेल और हल्दी लगाने से स्किन सॉफ्ट बनती है। स्किन से जुड़ी परेशानियां ठीक होती हैं।

**निशान हटाने के लिए**

कई बार चोट तो ठीक हो जाती है, लेकिन चोट से हुआ निशान आसानी से कम नहीं होता है। कई बार ये निशान देखने में काफी खराब लगता है। ऐसे में चोट पर हल्दी और तेल लगाने से चोट के निशान को भी हल्का किया जा सकता है।

**इंफेक्शन कम करने के लिए**

कई बार मॉनसून में चोट लगने के कारण उसमें इंफेक्शन होने का खतरा बना रहता है। ये इंफेक्शन स्किन पर कई बार काफी बढ़ भी जाता है। ऐसे में चोट लगने पर हल्दी और सरसों के तेल का पेस्ट लगाया जा सकता है।

**घाव को भरने के लिए**

कई बार चोट लगने से खून बहने लगता है। ऐसे में चोट पर तुरंत हल्दी लगा दें। ये खून के तेज बहाव को रुकने में मदद करेगी। चोट अगर थोड़ी लगी है, तो खून बंद होने के बाद उसमें सरसों का तेल और हल्दी बना पेस्ट लगा सकते है। ध्यान रखें अगर चोट पर खून ज्यादा बह रहा है तो तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें।

हल्दी और सरसों का तेल का पेस्ट मामूली चोट पर ही लगाएं। चोट अगर ज्यादा गहरी है, तो डॉक्टर से ही संपर्क करें। लगातार हल्दी और सरसों का तेल लगाने से भी अगर चोट ठीक नहीं हो रही है, तो भी डॉक्टर से अवश्य परामर्श लें। चोट में अगर पस पड़ जाए तो सरसों को तेल और हल्दी चोट पर न लगाएं।

# खेत-खलिहानों से गुजरेगी समृद्ध भारत की राह

देश को पेट भरने के लिए दूसरों की दयादृष्टि पर निर्भरता वाली हालत से उबारकर, अतिरिक्त खाद्यान्न भंडारों वाली स्थिति में पहुंचाने के लिए भारतीय किसान द्वारा निभाई महत्वपूर्ण भूमिका से कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे चमकदार सितारा बनकर उभरा है। चाहे हम इस उपलब्धि को सार्वजनिक रूप में मानें या नहीं, लेकिन एक गतिशील कृषि ने देश में आर्थिक विकास की सुदृढ़ नींव रखी है।



आज जब भारत आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है, यह समय है स्वीकारोक्ति का कि अगले 25 साल में भी सुनहरा भविष्य पाने की राह कृषि से होकर जाती है। किसानों की भलाई एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए सही मात्रा में नीतियों के सम्मिश्रण और सार्वजनिक निवेश से नवीनीकरण के जरिये अकेली कृषि में इतना दम है कि बतौर एक शक्तिपुंज आर्थिकी को फिर से ऊपर ले जाए। साथ ही करोड़ों लोगों की आजीविका सतत बना दे। इतना ही नहीं, ऐसे वक्त पर, जब पर्यावरण बदलावों पर अंतर-सरकारी मंच में जीडीपी-आधारित विकास मॉडल की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होने लगे हैं, भारत की विकास गाथा की कुंजी सततता पूर्ण कृषि के हाथ में ही है।उस वक्त से लेकर, जब 15 अगस्त, 1955 के दिन जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से खड़े होकर कहा था ='यह हमारे लिए शर्म की बात है कि देश को अनाज आयात करना पड़ता है। इसलिए बाकी सब का देश इंतज़ार कर सकता है लेकिन खाद्यान्न का नहीं।' इसके बाद से भारत ने खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में लंबी राह तय कर ली है और भुखमरी इतिहास बन चुकी है। नेहरू जी के बाद प्रधानमंत्री बने लालबहादुर शास्त्री को भी अनाज़ आयात के साथ संलग्न शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। उनके द्वारा वियतनाम पर अमेरिकी चढ़ाई को 'आक्रामकता' बताने पर तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति लिन्डन जॉनसन चिढ़ गए, परिणामस्वरूप पीएल-480 नीति के तहत भारत को दी जाने वाली खाद्यान्न सहायता नाममात्र रह गई, जिसके चलते शास्त्री जी के लिए देशवासियों से हफ्ते में एक दिन उपवास करने का आह्वान करना अनिवार्य हो गया।

इस अवधि में पैड्डोक बंधुओं की किताब 'अकाल 1975' में लिखा कि भारत की कहानी खत्म है और आने वाले वर्षों में करोड़ों लोग भूख से मारे जाएंगे। एक समय ऐसा भी था, जब भारत पर 'किश्ती से मुख' यानी आयातित दान से पेट भरने वाले देश का ठप्पा लगा हुआ था। खैर, 'आफत के मसीहा' के नाम से कुख्यात इन लेखकों की यह भविष्यवाणी अगले कुछ वर्षों में खाद्यान्न मोर्चे पर भारत द्वारा आत्मनिर्भरता बना लेने से, बुरी तरह औंधे मुंह गिरी।

जब वर्ष 1966 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गेहूं की विभिन्न किस्मों का 18000 टन बीज आयात करने की अनुमति दी, इससे हरित क्रांति की नींव प्रभावशाली रूप से पड़ी। वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास तंत्र, नेहरू जी के वक्त में पहले ही वजूद में आने लगा था, जब उन्होंने पंतनगर में पहला कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किया था। इसके बाद लुधियाना में बने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय ने दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर गेहूं की चंद किस्मों को भारतीय मौसम के अनुकूल पाया और विकसित किया। इनके बीज के पांच-पांच किलो के थैले किसानों को वितरित किए गए और पंजाब के अति-उत्साहित किसानों ने पहले ही साल रिकॉर्ड उत्पादन करके सारा खेल पलट डाला।

गेहूं में मिली सफलता को चावल में दोहराया गया, आगे चलकर अन्य फसलें जैसे कि कपास, गन्ना, फल एवं सब्जी उत्पादन में भी यही जीत मिली। भारत फिलहाल 31.5 करोड़ टन खाद्यान्न और 32.5 करोड़ टन फल एवं सब्जियां पैदा करता है। इस तरह कभी भीख का कटोरा पकड़कर खड़ा होने वाली पंक्ति से निकलकर, भारत ने पहले खाद्य-आत्मनिर्भरता हासिल की, आगे कृषि उत्पाद निर्यातक मुल्क बनने तक की लंबी छलांग लगाई है। यह गाथा है पुरुषार्थ, वैज्ञानिक श्रेष्ठता और सही ढंग की सार्वजनिक नीतियां अपनाने की। इसमें, अकालरोधी उपायों के लिए, दो मोर्चों पर एक साथ काम हुआङ्ग किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य बतौर प्रोत्साहन देना और भारतीय खाद्य निगम की स्थापना ताकि बड़ी मात्रा में पहुंचे खाद्यान्न का भंडारण हो सके और अतिरिक्त अनाज को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिए कमी वाले इलाकों में वितरित किया जा सके।

हरित क्रांति से पहले (यह संज्ञा विलियम गुआड की दी हुई है) शास्त्री जी ने दुग्ध-क्रांति की नींव डाली थी जब उन्होंने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए सहकारी आंदोलन बनवाया। आमतौर पर सफेद क्रांति के नाम से मशहूर इस योजना को विश्व के सबसे सफल ग्रामीण विकास कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है। डेयरी सहकार कार्यक्रम ने भारत को विश्व में सबसे बड़ा दुग्ध निर्माता बना दिया है, जिसका वार्षिक उत्पादन 20.4 करोड़ टन से अधिक हो गया है। सफेद और हरित क्रांति के युग्म ने भारत के गांवों का हुलिया बदल डाला, दुग्ध उत्पादन को अत्यंत संत्रास में जी रहे कृषक समुदाय का संकटमोचन भी कहा जाता है।

साल-दर-साल भारतीय किसान रिकॉर्ड उत्पादन करता चला गया लेकिन उसकी आमदनी एक जगह आकर ठहर गई या कम होती गई। कृषि परिवार स्थिति आकलन सर्वे-2019 (जो कि कोविड लॉकडाउन से पहले हुआ था) इसमें किसान परिवार की औसत आमदनी (गैर कृषि गतिविधियां समेत) प्रति माह 10,286 रुपये है। लॉकडाउन लगाने की घोषणा और उसके बाद शहरों से जिस तरह विशाल मानव बल ने पलायन किया है, उसके मद्देनजर कृषि को और अधिक फायदेमंद और आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने की फौरी जरूरत है। ऐसे समय में जब दुनिया में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, तेजी से हो रही यांत्रिकी अधिक गति से नौकरियां छीन रही है, कृषि का पुनरुत्थान ही एकमात्र विकल्प बचा है ताकि बड़ी संख्या में खाली हुआ श्रम बल काम पर लग सके। इससे शहरों पर बेरोजगारों की विशाल संख्या का दबाव बहुत हद तक कम हो सकेगा।

हरित क्रांति का मनोरथ काफी पहले पूरा हो जाने के बाद अब वक्त है अगले चरण का। स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ हमें भविष्य के मार्गचित्र पर पुनर्विचार और पुनर्निर्धारण करने का सही मौका प्रदान कर रही है। इसके लिए हमें आर्थिक नीति निर्धारण करते वक्त जो मौजूदा सोच हावी है, उसमें आमूल-चूल परिवर्तन करना होगा, क्योंकि इसमें उद्योगों की खातिर कृषि की बलि दी जाती है। यह वैसे भी कारगर नहीं रही बल्कि बड़े पैमाने पर वर्ग असमानता पैदा कर डाली। अब ध्यान पुन: कृषि-विकास और गांवों को भविष्य की आशा एवं आकांक्षाओं का केंद्र बनाने पर केंद्रित किया जाए। किसान की गारंटीशुदा आमदनी और पर्यावरण-लचीली कृषि अपनाने को दरकार है तदर्थ किस्म की नीतियों के परे हटकर समूचे खाद्य-तंत्र में परिवर्तन करने की। कृषि से आत्मनिर्भरता बनती है और यह प्रधानमंत्री की सबका साथ, सबका विकास वाली सोच के अनुरूप है। नया और दमदार भारत बनाने का रास्ता यहीं से होकर है।

## सम्पादकीय

# संकट में पशुपालक

पंजाब, हिमाचल प्रदेश व राजस्थान में दुधारू पशुओं के लंपी स्किन का शिकार होने के बाद बीमारी के हरियाणा के यमुनानगर, सिरसा आदि कई जिलों में भी दस्तक देने से चिंताएं बढ़ गई हैं। इस संक्रामक रोग ने पशुपालकों को गंभीर संकट में डाल दिया है। पशुओं की बीमारी व लगातार होती मौतों से दूध का उपयोग करने वाले लोग भी चिंतित हैं कि कहीं इस बीमारी का प्रभाव दूध पीने वाले लोगों पर न हो जाये। बताया जा रहा है कि इस बीमारी का सर्वाधिक प्रभाव जर्सी नस्ल की गाय पर पड़ रहा है। संक्रमण के तेज होने से हजारों पशु इसकी चपेट में हैं। एक तो पशुपालकों को आर्थिक नुकसान हो ही रहा है, वहीं दूध का कारोबार करने वाले लोगों के लिये भी मुश्किल खड़ी हो गई है। दरअसल, दूध को लेकर उपभोक्ताओं के मन में शंका पैदा हो रही है। कई लोगों ने दूध का उपयोग बंद करके पाउडर वाले दूध का प्रयोग करना आरंभ कर दिया है। वहीं संकट यह भी है कि इस बीमारी की चपेट में आने वाली गायों का दूध भी कम होने लगा है। दरअसल, सरकारें देर से जागी हैं और प्रभावी टीके की व्यवस्था समय रहते नहीं हो पायी है। कहने को पंजाब सरकार ने पशु मेलों आदि सार्वजनिक आयोजनों पर रोक लगाई है, लेकिन इतने मात्र से बीमारी का प्रसार रुकने की कम ही संभावना है। यह संकट गौशाला प्रबंधकों के सामने भी है जहां बड़ी संख्या में गायें रखी जाती हैं। ऐसी स्थिति में पशुओं



के लिये पर्याप्त चिकित्सा की व्यवस्था कर पाना एक चुनौती होगा। दरअसल, जब देश में इंसानों के अस्पताल ही बदहाली की स्थिति में हैं तो पशुओं के लिये पर्याप्त इलाज की संभावना तो क्षीण ही है। एक तो पशु अस्पताल पहले ही गिने-चुने हैं, वहीं चिकित्सकों व स्टाफ की कमी बराबर बनी रहती है। निस्संदेह, इस बीमारी की कारगर वैक्सीन उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीर पहल हो क्योंकि अभी तो वैकल्पिक वैक्सीन से ही काम चलाया जा रहा है।बहरहाल,एक बात तो तय है कि इस गंभीर बीमारी का निदान फौरी उपचार से नहीं हो सकता। समय रहते दवाओं की व्यवस्था हो तथा स्वस्थ पशुओं को यथाशीघ्र वैक्सीन उपलब्ध करायी जाए। इस महामारी से युद्ध स्तर पर जूझने की जरूरत है। साथ ही चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता में तेजी लाने के साथ ही पशुपालकों को जागरूक करने की भी जरूरत है ताकि इस संक्रामक रोग की चपेट में आने से अन्य स्वस्थ पशुओं को बचाया जा सके। साथ ही पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों, कर्मचारियों व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। हालांकि, राज्य सरकार के अधिकारी कह रहे हैं कि यह रोग पशुओं तक सीमित है और इंसानों में नहीं फैलता, अत= इसको लेकर आतंकित होने की जरूरत नहीं है। सावधानी के तौर पर दूध को उबालकर ही पीने की सलाह दी जा रही है। वहीं हरियाणा सरकार के अधिकारी बीमारी से बचाव के लिये दवा कंपनियों द्वारा बाजार में इंजेक्शन उपलब्ध होने की बात कर रहे हैं। साथ ही पशुपालकों को सलाह दी जा रही है कि इस बीमारी से ग्रस्त पशुओं को वैक्सीन न दी जाये, उससे रोग बढ़ने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा केंद्र सरकार की ओर से रोग से प्रभावित राज्यों के पशुओं के दूसरे राज्यों में जाने पर चौकसी बरतने के निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों से पशुओं की अन्य राज्यों में आवाजाही पर सख्ती बरतने को कहा गया है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जब हाल के दिनों में जंगली जानवरों से वायरस इंसान के शरीर में दस्तक देने का खतरा लगातार बढ़ रहा है,

# भारत छोड़ो आंदोलन ने युवाओं को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया था

अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के शुरू होने के कुछ समय बाद ही गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ताओं ने हड़तालों और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन को जिंदा रखा। 9 अगस्त 1942 को अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे के साथ महात्मा गांधी के आह्वान पर शुरू हुए आंदोलन ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने का काम किया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाने वाले इस आंदोलन में पूरे देश के लोगों की व्यापक भागीदारी रही थी। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के शुरू होने के कुछ समय बाद ही गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ताओं ने हड़तालों और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन को जिंदा रखा। इस आंदोलन ने देखते ही देखते ऐसा रूप ले लिया था कि अंग्रेजी सत्ता को दमन के सभी उपाय नाकाफी साबित होने लगे थे।9 अगस्त 1942 को दिन निकलने से पहले ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सभी सदस्य गिरफ्तार हो चुके थे और कांग्रेस को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया गया। गांधी जी के साथ भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को यरवदा पुणे के आगा खान पैलेस में, डॉ. राजेंद्र प्रसाद को पटना जेल व अन्य सभी सदस्यों को अहमदनगर के किले में नजरबंद किया गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनान्दोलन में 942 लोग मारे गये, 1630 घायल हुए, 18 हजार डीआईआर में नजरबंद हुए तथा 60 हजार 229 गिरफ्तार हुए। जयप्रकाश नारायण, अरूणा आसफ अली व मदनलाल बागड़ी का इस क्रांति में अविस्मरणीय योगदान रहा था। 6 अगस्त 1925 को ब्रिटिश सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से बिस्मिल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के दस जुझारू कार्यकर्ताओं ने काकोरी कांड किया था। जिसकी यादगार ताजा रखने के लिए पूरे देश में हर साल 9 अगस्त को काकोरी काण्ड स्मृति-दिवस मनाया जाता था। इस दिन बहुत बड़ी संख्या में नौजवान एकत्र होते थे। गांधी जी ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत 9 अगस्त 1942 का दिन चुना था। दूसरे विश्व युद्ध में इंग्लैंड को बुरी तरह उलझता देख जैसे ही नेताजी सभाषचंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज को दिल्ली चलो का नारा दिया। गांधी जी ने मौके की नजाकत को भांप लिया और 8 अगस्त 1942 की रात में ही बम्बई से अग्रेजों को भारत छोड़ो व भारतीयों को करो या मरो का आदेश जारी किया।

1942 का अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन 1920, 1921, 1930, 1940-41 के आंदोलनों से काफी भिन्न था। इसी कारण सुभाष बाबू ने कहा था कि 1942 में पेसिव रजिस्टेन्स के युग का अंत होकर एक्टिव रजिस्टेन्स का सूत्रपात हुआ। राजनारायण मिश्र, महेंद्र चैधरी, लेना प्रसाद, मांतिगिनी हाजरा, चाफेकर बंधुओं, खुदीराम बोस, कन्हाई लाल, करतार सिंह, रामप्रसाद बिस्मित, अशफकाउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों के अविस्मरणीय योगदान ने आजादी की राह काफी सरल बना दी थी। गांधीजी का करो या मरो का नारा अत्यन्त ही शक्तिशाली मंत्र साबित हो रहा था। बापू के इस मंत्र का भी देशव्यापी असर पड़ा और यह नारा बाद में आजादी पाने का ध्येय मंत्र बन गया।

इस आंदोलन को लालबहादुर शास्त्री ने एक बड़ा रूप दे दिया था। लालबहादुर शास्त्री ने 1942 में मरो नहीं मारो का नारा दिया। जिसने क्रान्ति की ज्वाला को पूरे देश में प्रचण्ड किया। 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गए। इस आंदोलन की व्यूह रचना बेहद तरीके से बुनी गई थी। चूंकि अंग्रेजी हुकूमत दूसरे विश्व युद्ध में पहले ही पस्त हो चुकी थी और जनता भी आंदोलन की ओर झुक रही थी। लिहाजा 8



अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में अंग्रेजों भारत छोड़ो का नाम दिया गया था। हालांकि गांधी जी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़ताल और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते अगस्त क्रांति आन्दोलन में महिलाओं के योगदान को कम तर नहीं आका जा सकता। अरूणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी ने आंदोलन में खूब साथ दिया। अच्युत पटवर्धन, रासबिहारी, मोहन सिंह सरीखे क्रांतिकारियों ने अमूल्य योगदान दिया। 8 अगस्त 1942 को जिस क्रांति का सूत्रपात हुआ उसने यह जाहिर कर दिया कि अब अंग्रेजी हुकूमत टिक नहीं सकती। दरअसल सन् 1942 की क्रांति पिछले सत्तावन वर्ष से राष्ट्रीय कांग्रेस जो आंदोलन चला रही थी उसका उफान था। इस आंदोलन के उफान ने अंग्रेजों की आंखें खोल दी थी। इस आंदोलन से सारा देश मानो हिल गया था। इस उफान की पृष्ठभूमि में लोकमान्य तिलक और उनके बाद महात्मा गांधी ने व्यापक जन-जागृति उत्पन्न की थी।

हमारे देश को अंग्रेजो की गुलामी से तो आजाद हुये काफी साल हो गये। मगर देश आज भी भ्रष्टाचार, भेदभाव, जातिवाद की गुलामी में जकड़ा हुआ है। देश में भ्रष्टाचार, जातिवाद का जहर लोगो की रग-रग में बस चुका है। भ्रष्टाचार के चलते देश के लोगों में अलगाववाद, आंतकवाद, साम्प्रदायिकता, विघटनकारी भावना घर कर गयी है। जो देश की तरक्की की राह में एक बड़ी रूकावट बन चुकी है। जब तक देश में भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लग पायेगी तब तक देश विकाश पथ पर समुचित गति से आगे नहीं बढ़ पायेगा। भारत छोड़ो आंदोलन की ही तरह एक बार देश की जनता को नये सिरे से एकजुट होकर भ्रष्टाचार मिटाओ देश बचावो आन्दोलन चलाना होगा तभी देश सही मायने में आजाद हो पायेगा। भारत छोड़ो आंदोलन को 80 साल पूरे हो रहे हैं। ऐसे में भारत के हर नागरिक को देश के इस बड़े आंदोलन के बारे में अवश्य जानना चाहिये। देखा जाए तो यह सही मायने में एक जन आंदोलन था।

## कैनेडियन ओपनः खिताब का बचाव करने के लिए तैयार हैं मेदवेदेव

**मॉन्ट्रियल।** राफेल नडाल, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच की अनुपस्थिति में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन दानिल मेदवेदेव नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट (कैनेडियन ओपन) में अपने खिताब का बचाव करने के लिए तैयार हैं। मेदवेदेव को पहले दौर में 'बाई' मिली है और दूसरे दौर में उनका सामना बुधवार को निक किर्गियोस से हो सकता है जिन्होंने हाल में सिटी ओपन का खिताब जीता था। मेदवेदेव विंबलडन में नहीं खेल पाए थे क्योंकि यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण ऑल इंग्लैंड क्लब ने रूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने हालांकि हाल में एक भी सेट गंवाए बिना मैक्सिको ओपन का खिताब जीता था। मेदवेदेव ने कहा, 'मुझे अभ्यास के लिए दो दिन का अतिरिक्त समय मिल रहा है। इसके बाद मैं टूर्नामेंट में अपनी शुरुआत करूंगा। निश्चित तौर पर मैं जीत के लिए भूखा हूं। नडाल ने चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर अपना नाम वापस ले लिया था। फेडरर घुटने की चोट जबकि जोकोविच कोविड टीकाकरण नहीं करवाने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। इस बीच फिनलैंड के एमिल रुसुवुओरी ने सोमवार को स्विट्जरलैंड के स्टेन वावरिंका को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया।



## चेन्नईयिन में बने रहेंगे रहीम अली

**चेन्नई।** भारतीय टीम के फॉरवर्ड रहीम अली ने चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब के साथ अपना करार 2024 तक बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में दो बार की चैंपियन टीम ने यह घोषणा की। रहीम चेन्नई टीम के महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने 2019-20 में फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने अभी तक इस क्लब की तरफ से 40 मैच खेले हैं। उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, '' मैं चेन्नईयिन एफसी के साथ नया करार करके बेहद खुश हूं। मेरे दिमाग में कभी कोई संदेह नहीं था। मैं किसी अन्य क्लब से नहीं जुड़ने जा रहा हूं।'' यह 22 वर्षीय खिलाड़ी अभी राष्ट्रीय टीम का हिस्सा है। पिछले साल सितंबर में भारत की तरफ से पदार्पण करने के बाद उन्होंने छह मैच खेले हैं। भारत की तरफ से 2017 में अंडर-17 विश्व कप में भाग लेने वाले रहीम आई लीग में इंडियन एरोज की तरफ से 31 मैच खेल चुके हैं।

## शतरंज ओलिम्पियाड के गैस्ट बनेंगे महेंद्र सिंह धोनी, समापन समारोह में करेंगे शिरकत

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 44वें शतरंज ओलिम्पियाड के समापन समारोह का मुख्य आकर्षण होंगे। यहां मामल्लापुरम में खेले जा रहे शतरंज ओलिम्पियाड का 11वें और अंतिम दौर की बाजियों के साथ समापन होगा। शतरंज ओलिम्पियाड का पहली बार भारत में आयोजन किया गया जिसमें




ओपन और महिला वर्ग में रिकॉर्ड टीमों ने हिस्सा लिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच तथा हाल ही में उपाध्यक्ष चुने गए और पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इंडियन प्रीमियर लीग की टीम चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान धोनी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 अगस्त को नेहरू इनडोर स्टेडियम में ओलंपियाड का उद्घाटन किया था।

# 36 की उम्र में अपनी इन 4 आदतों के कारण फिट है शिखर धवन, खुद किया खुलासा

**नई दिल्ली।** शिखर धवन एक बार फिर से वनडे फॉर्मेट में कप्तानी के लिए तैयार हैं। टीम इंडिया ने जिमबाब्वे का दौरा करना है जहां 18 अगस्त से 3 वनडे मुकाबले खेले जाने हैं। दौरे से पहले शिखर धवन ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी तैयारी और आगे की रणनीति पर बात की। उन्होंने कहा- जब तक मैं भारत के लिए खेल रहा हूं, मैं दायित्व नहीं बल्कि संपत्ति बनना चाहता हूं। धवन बोले- मुझे लगता है कि अब 36 साल की उम्र में मैं पहले से कहीं ज्यादा फिट हूं। कौशल के लिहाज से भी मैं बेहतर हो गया हूं। जिम सत्र, कौशल सत्र, दौड़ना और योग, ये चार चीजें मेरे प्रशिक्षण के मुख्य पहलू हैं। इसी कारण मैं अभी भी फिट महसूस कर रहा हूं।

2020 की शुरुआत से वेस्टइंडीज श्रृंखला के अंत तक धवन ने 22 एकदिवसीय मैच खेले हैं जिनमें 10 अर्धशतकों के साथ 975 रन बनाए हैं जो किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा इस अवधि में बनाए गए सर्वाधिक रन है। धवन ने कहा- अब मैं एक शांत, परिपक्व व्यक्ति हूं। प्रदर्शन मेरे अनुभव का प्रतिबिंब है। मेरे बेसिक्स काफी मजबूत हैं और मैंने अपनी तकनीक में सुधार के लिए काफी मेहनत की है। एक



प्रारूप को समझना भी बहुत महत्वपूर्ण है। मैं एकदिवसीय प्रारूप की गतिशीलता को समझता हूं और इससे मुझे काफी मदद मिली है।

टी-20 और वनडे में अंतर पर धवन ने कहा कि मैंने ऐसी भावना को अपने सिस्टम में कभी नहीं आने दिया। मैं केवल एक प्रारूप खेल रहा हूं। क्या मेरा शरीर मेरा साथ देगा, जैसे विचारों के बारे में मैं सोचना नहीं चाहता। मैं इसे इस तरह देखता हूं। अगर मैं दो महीने या तीन महीने के अंतराल के बाद एक प्रारूप खेल रहा हूं, तो यह मुझे हमेशा तरोताजा रहने और पूरी तरह से फिट रहने और अपने खेल पर काम करने के लिए पर्याप्त समय देने का मौका देता है। धवन बोले- अगर मैं भारत के लिए एक प्रारूप खेल रहा हूं, तो मुझे इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करनी चाहिए। मैं बहुत सकारात्मक व्यक्ति हूं। तुम मेरे शरीर में एक नकारात्मक हड्डी नहीं पाओगे। जब मैं मैच नहीं खेल रहा होता हूं तो मैं गुडग़ांव में अपनी अकादमी में प्रशिक्षण लेता हूं। मैं ज्यादातर अपना नेट सेशन वहां रखता हूं। मैं कुछ गुणवत्ता वाले नेट गेंदबाजों के साथ काम करता हूं। गुडग़ांव और उसके आसपास बहुत सारे अच्छे नेट गेंदबाज हैं जो सदैव तैयार रहते हैं।

# एशिया कप 2022 : Virat Kohli ब्रेक से वापस लौटे, मुंबई में शुरू करेंगे अभ्यास

**नई दिल्ली।** लंबे ब्रेक के बाद आखिरकार विराट कोहली ने एक्शन में लौटने की तैयारी कर ली है। एशिया कप के लिए टीम के रवाना होने से पहले कोहली मुंबई में अभ्यास शुरू कर सकते हैं। सूत्र के मुताबिक कोहली इस सप्ताह बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एमसीए इंडोर अकादमी में अभ्यास शुरू करेंगे। कोहली मुंबई के वर्ली ओंकार बिल्डिंग में रहते हैं जोकि बीकेसी में एमसीए अकादमी से सिर्फ 20 मिनट की दूरी पर है। यही कारण है कि कोहली ने बीकेसी में अकादमी में अभ्यास करने का फैसला किया है।

**कोच की सलाह कर दी दरकिनार**

विराट कोहली की फॉर्म देखकर उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा भी चितिंत नजर आए। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह यहां (दिल्ली अकादमी) आ सकता है। यह उसका अपना मैदान है। हमें पता है कि उसके पास समय नहीं है लेकिन जब उसके पास समय हो तो वह यहां आ सकत है और अभ्यास कर सकता है। मैं वास्तव में इसे पसंद करूंगा अगर वह यहां आता है और वह इस जगह का



आनंद लेता है और सहज महसूस करता है।

**गावस्कर ने कहा था- 20 मिनट मेरे साथ बिताओ**

कोहली जब करीब दो साल से शतक नहीं लगा पाए हैं ऐसे में कई क्रिकेट दिग्गज उन्हें बल्लेबाजी तक्नीक पर काम करने की सलाह दे रहे हैं। इसी क्रम में सुनील गावस्कर का भी नाम सामने आया था। गावस्कर ने कोहली की फॉर्म पर कहा था- अगर मेरे पास उसके साथ लगभग 20 मिनट होते तो मैं उसे बताता कि उसे क्या करना होगा। यह उसकी मदद कर सकता है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि इससे उसे मदद मिलेगी ही लेकिन ऐसा हो सकता है। मुझे लगता है कि ऑफ स्टंप लाइन पर दी गई मेरी सलाह उसकी मदद कर सकती है।

**एशिया कप के लिए चुनी गई टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, अवेश खान, दीपक हुड्डा, युजवेंद्र चहल।

**एशिया कप में कोहली का रिकॉर्ड**

अगर एशिया कप में विराट कोहली के अभ्यास को देखा जाए तो वह 11 वनडे मुकाबलों में 61 की औसत से 613 रन बना चुके हैं जबकि 5 टी-20 में भी उनके नाम 76 की औसत के साथ 176 रन दर्ज हैं।

एशिया कप शुरू से ही विराट का फेवरेट टूर्न्रमैंट हैं। इस बार उम्मीद है कि वह एशिया कप के साथ अपनी लय भी हासिल कर लेंगे।

## राष्ट्रमंडल खेलः पदक जीतने पर कार्तिक ने की अपनी पत्नी दीपिका की तारीफ, कही ये बात

**नई दिल्ली ।** भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल के राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीतने पर उनके पति और भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने खुशी व्यक्त की है। गौरतलब है कि पल्लीकल और सौरव घोषल की मिश्रित युगल जोड़ी ने कांस्य पदक मैच में ऑस्ट्रेलिया के कैमरन पील और लोबान डोना को 11-8, 11-4 से मात दी थी। कार्तिक ने ट्विटर पर पल्लीकल और घोषाल की तस्वीर साझा करते हुए कहा,'प्रयास और दृढ़ता रंग लाई... बहुत खुशी और आप दोनों पर गर्व है!' कांस्य पदक जीतने के बाद, पल्लीकल ने खुद पिछले तीन वर्षों से अपनी यात्रा के बारे में इंस्टाग्राम पर पोस्ट लिखी। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, 'पिछले तीन वर्षों में जो कुछ भी हुआ है, उसमें जिस चीज ने मुझे वापस आने के लिए सबसे अधिक प्रेरित किया है, वह यही क्षण है। उन्होंने आगे कहा, यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। यह केवल मेरे परिवार, मेरी टीम और मेरे आस-पास के अलग-अलग लोगों के कारण संभव हो पाया है। शुभकामनाओं के लिए सभी का धन्यवाद। यह एक कठिन सप्ताह रहा है, लेकिन पोडियम पर खड़े होने का मौका पाकर खुशी हुई। गौर हो कि भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में 22 गोल्ड, 16 सिल्वर और 23 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुच 61 पदक अपने नाम किए और तालिका में चौथे स्थान पर रहा। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह पांचवां सबसे शानदार प्रदर्शन है।



# कोहली ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को बधाई दी, कहा- हमें आप पर बहुत गर्व है

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने बर्मिंघम में हाल ही में संपन्न हुई राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में शानदार प्रदर्शन के लिए देश के दल को बधाई दी। भारत राष्ट्रमंडल खेलों में 22 स्वर्ण, 15 रजत और 23 कांस्य पदक और कुल 61 पदक के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

कोहली ने ट्वीट किया, आप हमारे देश के लिए बड़ी ख्याति लेकर आए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई। हमें आप पर बहुत गर्व है। जय हिंद। भारत ने अपने राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में अब तक का अपना पांचवां सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इससे पहले उन्होंने 2010 में 101 मेडल जीते थे। हालांकि इस बार 61 पदक हासिल करना काफी महत्व रखता है क्योंकि निशानेबाजी को खेलों में शामिल नहीं किया गया था। अगर इसे शामिल किया जाता तो यह संख्या और अधिक हो सकती थी। भारतीय दल ने लॉन बाउल और क्रिकेट जैसे खेलों में पहली बार पदक भी जीते। विशेष रूप से महिला क्रिकेट टीम को दल के एक भाग के रूप में भेजा गया था। भारत रोमांचक फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 9 रनों से हार गया। इसके अलावा रूपा रानी टिर्की, नयनमोनी सैकिया, लवली चौबे और पिंकी सिंह की भारतीय लॉन बाउल्स टीम ने महिलाओं के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 17-10 से हराकर स्वर्ण पर कब्जा करते हुए खेल में अपना पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पुरुषों की टीम ने भी बाद में रजत पदक जीता।



भारोत्तोलन, कुश्ती और मुक्केबाजी और शक्ति-आधारित खेलों में भारत का दबदबा था। देश की टुकड़ी ने कुश्ती में 12 पदक जीते, यह बहु-खेल आयोजन के 2022 संस्करण में इसका सबसे सफल खेल है। भारत ने हर उस वर्ग में पदक जीते जिसमें उसके सितारों ने कुश्ती लड़ी। इसमें बजरंग पुनिया, रवि दहिया, दीपक पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगट और नवीन के छह स्वर्ण पदक शामिल हैं। भारत ने भारोत्तोलन में 10 पदक जीते जिसमें मीराबाई चानू, अचिंता शुली और जेरेमी लालरिनुंगा के तीन स्वर्ण शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने कुल सात पदक जीते। इसमें अमित पंघाल, नीतू घंगास और निखत जरीन का सोना शामिल है। एथलेटिक्स में, देश के एथलीटों ने कुल आठ पदक जीते। इसमें पुरुषों की ट्रिपल जंप में एल्धोस पॉल का स्वर्ण शामिल है। अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में रजत), अन्नू रानी (महिला भाला फेंक में कांस्य), मुरली श्रीशंकर (पुरुषों की लंबी कूद में रजत) कुछ अन्य प्रमुख पदक विजेता थे। भारत ने रैकेट खेलों में भी काफी पदक जीते। टेबल टेनिस में 7 पदक। भारत के बैडमिंटन सितारों ने खेल में छह पदक जीते। पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने क्रमशः महिला और पुरुष एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी की पुरुष युगल टीम ने भी स्वर्ण पदक जीता। भारत की हॉकी टीमें भी पदक जीतकर स्वदेश लौटीं। पुरुष टीम ने रजत जीता जबकि महिला टीम कांस्य पदक के साथ स्वदेश लौट रही है।

# राष्ट्रमंडल खेलों का रंगारंग समापन, भांगड़ा और 'अपाचे इंडियन' ने बिखेरे रंग

**बर्मिंघम।** भांगड़ा की थाप से लेकर 'अपाचे इंडियन' के दमदार प्रदर्शन ने यहां के अलेक्जेंडर स्टेडियम में राष्ट्रमंडल खेलों के समापन समारोह में अपने रंग बिखेरे जिसके साथ ही चार साल बाद ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में मिलने के वादे के साथ खिलाडियों ने 11 दिन तक चले इन खेलों को अलविदा कहा। बर्मिंघम खेलों में 72 देशों के 4500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत ने कुल 61 पदक जीते जो चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों से पांच कम हैं। परंपरा के अनुसार राष्ट्रमंडल खेल महासंघ का ध्वज उतार कर ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य को सौंपा गया जो 2026 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा।

प्रिंस एडवर्ड ने बर्मिंघम 2022 खेलों के समापन की घोषणा की और 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य को औपचारिक निमंत्रण सौंपा। उन्होंने कहा कि आपने हमें प्रेरित किया और संभवतः आने वाली पीढ़ियों को भी। आपने दिखाया कि क्या चीज हमें



एकजुट कर सकती है। हमारी संरक्षक महारानी की तरफ से मैं बर्मिंघम 2022 खेलों के समापन की घोषणा करता हूं।

खेलों के समापन की घोषणा के साथ ही बर्मिंघम का आकाश आतिशबाजी से



नहा गया। समापन समारोह का आकर्षण भांगड़ा और भारतीय मूल के गायक स्टीवन कपूर रहे जो 'अपाचे इंडियन' के नाम से मशहूर हैं। उनके दिलकश प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह दिया।

'अपाचे इंडियन' के प्रदर्शन के बाद मॉडल नीलम गिल ने अपनी प्रस्तुति दी। इस बीच खचाखच भरे स्टेडियम में संगीत समूह पंजाबी एमसी 'मुंडिया तू बच के' गीत बजा रहा था। संगीत के दिग्गज गोल्डी और बेवर्ली नाइट ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित किया। ट्रांसजेंडर ब्रिटिश मॉडल तलुलाह ईव ने नए रोमांटिक युग और बर्मिंघम समलैंगिक संस्कृति के बारे में बताया। संगीत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के अध्यक्ष डेम लुईस मार्टिन और बर्मिंघम 2022 के सीईओ मार्टिन ग्रीन ने विदाई भाषण दिए। मार्टिन ने कहा- समापन समारोह बेजोड़ राष्ट्रमंडल खेलों का उत्कृष्ट जश्न रहा जिसमें बर्मिंघम के सर्वश्रेष्ठ को प्रदर्शित किया गया। हम 11 दिन तक चले राष्ट्रमंडल खेलों के अभूतपूर्व आयोजन का गवाह रहे और समापन समारोह इस विशेष प्रतियोगिता का शानदार अंत रहा। स्टार महिला मुक्केबाज निकहत जरीन और अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने भारतीय दल का नेतृत्व किया लेकिन भारतीय खिलाड़ी बड़ी कम संख्या में यहां पहुंचे थे।

## पूर्व अंपायर रूडी कटर्जन का सड़क दुर्घटना में निधन



**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आईसीसी एलीट पैनल अंपायर रूडी कट्‌र्जन का केप टाउन में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। जब यह सड़क दुर्घटना हुई तब 73 वर्षीय कट्‌र्जन एक कार में केपटाउन से ईस्टर्न केप प्रांत में अपने घर जा रहे थे। कट्‌र्जन ने 2010 में सन्यास लेने से पहले 331 मैचों में अंपायर की भूमिका निभाई, जो उस समय एक रिकॉर्ड था। वह 100 से ज्यादा मैचों में अंपायरिंग करने वाले तीन अंपायरों में से एक हैं। इनके अलावा पाकिस्तान के अलीम दार और वेस्टइंडीज के स्टीव बकनर भी ऐसा कर चुके हैं। दार ने कटर्जन की मौत के बारे में कहा, 'यह उनके परिवार, दक्षिण अफ्रीका और क्रिकेट के लिए सबसे बड़ी क्षति है। मैं उनके साथ इतने सारे मैचों में खड़ा था। वह न केवल एक अंपायर के रूप में बहुत अच्छे थे, बल्कि एक उत्कृष्ट सहयोगी भी थे। हमेशा मैदान पर बहुत सहयोगी और हमेशा मैदान के बाहर मदद करने के लिए तैयार रहते थे। अपने किरदार की वजह से वह खिलाड़ियों के बीच भी सम्मानित थे।' कटर्जन के हमवतन अंपायर मरैस इरास्मस ने कहा, 'रूडी शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद मजबूत थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी अंपायरों के लिए विश्व मंच पर पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया। हम सभी को विश्वास दिलाया कि यह संभव है। एक युवा अंपायर के रूप में मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। कटर्जन की पहली अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 1992-93 में भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा था, जिसके दूसरे एकदिवसीय मैच में उन्होंने पहली बार अंपायरिंग की थी। आगे चलकर वह दुनिया के सबसे अच्छे और सबसे सम्मानित अंपायरों में से एक बने। सितंबर 1999 में सिंगापुर में वेस्टइंडीज और भारत के बीच एक मैच में हेरफेर करने के लिए रिश्वत से इनकार करने के लिए उन्होंने खूब प्रशंसा प्राप्त की थी।

# कार्तिक को मैं कमेंटेटर के तौर पर चुनूंगा न कि टीम इंडिया में : अजय जडेजा

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराऊंडर अजय जडेजा ने भारतीय मध्यक्रम बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को लेकर एक तीखा बयान दिया है। जडेजा का मानना है कि एशिया कप या टी-20 विश्व कप में दिनेश कार्तिक की बजाय युवा विकेटकीपर को मौका देना चाहिए था। उन्होंने कहा- मैं कार्तिक को कमेंटेटर के तौर पर चुन सकता हूं लेकिन अगर आप कहें कि टीम इंडिया तो मेरी न है। जडेजा ने इस दौरान मोहम्मद शमी को भी टीम में शामिल न करने पर हैरान जताई। जडेजा ने कहा- मैं मोहम्मद शमी को टीम में चुनना चाहता हूं। जडेजा के इस बयान से क्रिकेट फैंस भी हैरान थे क्योंकि शमी ने विश्व कप के बाद से कोई टी-20 नहीं खेला है जबकि भुवनेश्वर कुमार जो इस साल सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है, को उन्होंने नहीं चुना था। जडेजा बोले- मैंने शमी को टीम में शामिल किया है। मेरे चार गेंदबाजों में शमी के अलावा बुमराह, अर्शदीप और चहल का नाम है। बल्लेबाजी की बात करें तो ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार



यादव और दीपक हुड्डा को देखूंगा। यह ऐसा आक्रमण है जोकि पावरप्ले, बीच के ओवरों और डेथ ओवर में काफी लचीले हैं। वहीं, कार्तिक को टीम में शामिल करने पर जडेजा ने कहा- अगर टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा हैं, तो आपको हर कीमत पर दिनेश कार्तिक की जरूरत है। वह आपका बीमा है। लेकिन अगर आपके पास दोनों में से कोई नहीं है तो दिनेश कार्तिक के पास यहां कोई काम नहीं है। मैं कार्तिक को वहां नहीं रखूंगा, वो मेरे बगल में सीट ले सकते हैं। वह एक कमेंटेटर के रूप में बहुत अच्छे हैं। लेकिन वहां टीम में, मैं उसे नहीं चुनूंगा। एक और फैसला करना होगा कि आप रवींद्र के साथ हैं या अक्षर के। अगर धोनी स्टाइल है तो कोहली, रोहित और कार्तिक को जोड़ें। लेकिन आधुनिक क्रिकेट की बात करें तो यहां टीम इंडिया को कार्तिक को छोड़ना होगा।

## चीन के तेवरों से अंदेशा- ताइवान के पास आम बात हो जाएगा उसका सैनिक अभ्यास

**ताईपे।** ताइवान के आसपास चीन के जारी सैनिक अभ्यास को ताइवान को खुद में मिला लेने की चीनी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। पहले चीन ने चार दिन के लिए ये अभ्यास शुरू किया। लेकिन ये अवधि पूरी होने के बाद उसने इसे बढ़ाने का एलान किया। खबरों के मुताबिक अब 17 अगस्त तक ये अभ्यास चलेगा। इसका मतलब यह समझा गया है कि वहां अभ्यास को चीन एक सामान्य बात बना देना चाहता है। चीन ने सैनिक अभ्यास अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के विरोध में शुरू किया। इस दौरान चीन ने ताइवान के जल और वायु क्षेत्रों में उस जगह जाकर सैनिक अभ्यास कर रहा है, जहां अब तक वह नहीं जाता था। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने चीन की इस कार्रवाई को 'भड़ाकाऊ' और 'गैर जिम्मेदाराना' बताया है। उधर ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसकी सशस्त्र सेनाएं स्थिति पर नजर बनाए रखेंगी और जब जरूरत होगा उसके लड़ाकू विमान, नौसैनिक वाहन और मिसाइल प्रणालियां जवाब देंगी। थिंक टैंक क्राइसिस ग्रुप में विश्लेषक अमानदा सियाओ के मुताबिक चीनी अभ्यास का मकसद अमेरिका और ताइवान के शासकों को प्रभावित करना है। वह संदेश देना चाहता है कि ताइवान के एकीकरण की कोशिश उसकी कोशिश के खिलाफ वे कोई कदम ना उठाएं। उन्होंने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा- 'चीन एक न्यू नॉर्मल (सामान्य स्थिति) बनाना चाहता है। बड़े पैमाने पर चीनी जहाजों और विमानों का मेडियन लाइन को पार करना महत्त्वपूर्ण और नई बात है। घोषित तौर पर सैनिक अभ्यास खत्म हो जाने के बाद भी ऐसा जारी रहेगा।

## ताइवान के विदेश मंत्री ने साधा निशाना, कहा- चीन का सैन्य अभ्यास हमारे अधिकारों का घोर उल्लंघन

**ताईपे।** ताइवान के विदेश मंत्री ने कहा है कि ताइवान के आसपास के क्षेत्रों में सैन्य अभ्यास करने का चीन का निर्णय अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत ताइवान के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। विशेष रूप से जिस तरह से उसने अपने अभ्यास के लिए क्षेत्रों को नामित किया है। उन्होंने आगे कहा कि चीन द्वारा टारगेटेड और बड़े पैमाने पर किया जा रहा सैन्य अभ्यास गंभीर उत्तेजना का प्रतीक है। चीन ने ताइवान पर आक्रमण की तैयारी के लिए 'अभ्यास' का इस्तेमाल किया है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि ताइवान पर आक्रमण करने के अपने प्रयास में हस्तक्षेप करने से चीन अन्य देशों को रोकने की कोशिश कर रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा था कि चीन हमारे द्वीप जैसे मॉडल बनाकर हमले की तैयारी कर रहा है। ताइवान ने कहा कि चीन हमारी धरती पर हमले के लिए साजिश रच रहा है। समाचार एजेंसी एएफपी ने इसकी जानकारी दी थी। वहीं, ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा था कि कई चीनी विमानों और जहाजों को ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करते हुए देखा गया था। बता दें कि अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी के आने के बाद से ही चीन ताइवान को धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं लाइव फायर ड्रिल कर डराने की कोशिश कर रहा है। हालांकि अमेरिका ड्रैगन की हर गतिविधि पर नजर रख रहा है।



## पाकिस्तानी सेना के वाहन से भिड़ा रिक्शा, आत्मघाती हमले में चार सैनिकों की मौत

**वजीरिस्तान।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र उत्तरी वजीरिस्तान में हुए एक आत्मघाती हमले में सेना के चार जवानों की मौत हो गई। हमले के लिए एक तिपहिया वाहन का इस्तेमाल किया गया। यह रिक्शा सेना के वाहन से आकर भिड़ा और उसमें शक्तिशाली धमाका हुआ। हमले में सात अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग ने धमाके की पुष्टि की है। उत्तरी वजीरिस्तान जिला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आता है। जिले की मीर अली तहसील में पत्तासी चेकपोस्ट के पास यह हमला हुआ। हमले में कम से कम चार सैनिक मारे गए हैं और सात घायल हुए हैं। इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशंस पाकिस्तान ने यह जानकारी दी। सात घायलों में तीन सिपाही, दो नायक रैंक के जवान व दो नागरिक हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस आत्मघाती हमले पर दुख व्यक्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने आतंकवाद के खात्मे के लिए देश के दृढ़ संकल्प को दोहराया। हमले की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को उनके घिनौने मंसूबों में कामयाब नहीं होने देंगे।

# गिफ्ट में मिलीं लग्जरी घड़ियां बेचकर बुरे फंसे पूर्व पीएम इमरान खान,अब जारी हुआ नोटिस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन ने आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से मिले अधिकतर उपहार मुफ्त में तोशाखाने से अपने साथ ले गए हैं। जियो टीवी की खबर के मुताबिक, तोशाखाना विवाद के संबंध में पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग के समक्ष दाखिल याचिका के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री ने इनमें से कुछ ही उपहारों के लिए भुगतान किया। पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) की ओर से दाखिल याचिका में दावा किया गया है कि क्रिकेटर से नेता बने खान तोशाखाने से ज्यादातर सामान बिना भुगतान किए अपने साथ ले गए। याचिका के अनुसार, उन्होंने



कथित तौर पर अपने साथ ले जाए गए उपहारों के बारे में खुलासा नहीं किया और अपने बयानों में इस संबंध में जानकारी छुपाई। पाकिस्तान के कानून के अनुसार, किसी विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार सरकारी तोशाखाने में रखा जाना चाहिए। कानून के अनुसार, अगर राष्ट्राध्यक्ष इन उपहारों को अपने पास रखना चाहते हैं तो उन्हें उसकी कीमत के बराबर राशि का भुगतान करना होता है।

कीमत का फैसला नीलामी के जरिये किया जाता है। कानून के अनुसार, ये उपहार या तो तोशाखाने में जमा रहते हैं या नीलाम किए जा सकते हैं और इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाना होता है। निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में खान को नोटिस जारी करते हुए उन्हें 18 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था।

## हिंसा और असुरक्षा के माहौल के बीच पाकिस्तान में कैसे आएगा विदेशी निवेश?

**इस्लामाबाद।** विदेशी निवेशकों की सुरक्षा का सवाल पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। पहले ये मुद्दा चीन उठा रहा था। लेकिन अब दूसरे देशों के निवेशकों ने भी पाकिस्तान सरकार से असुरक्षा की समस्या को हल करने की मांग की है। कनाडा की बड़ी स्वर्ण कंपनी बैरिक गोल्ड ने पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में कारोबार शुरू करने की इच्छा जताई है। बलूचिस्तान प्रांत के रेको डिग और चगाई इलाकों के बारे में माना जाता है कि वहां तांबे और सोने का दुनिया का ऐसा सबसे बड़ा भंडार है, जिसे अभी विकसित नहीं किया गया है। बैरिक गोल्ड ने अभी क्षेत्र में कारोबार की संभावना जानने के लिए अध्ययन कर रही है। लेकिन वो तभी वहां निवेश करेगी, अगर पाकिस्तान सरकार उसे सुरक्षा का भरोसा दे पाई। कंपनी फिलहाल बलूच अलगाववादियों की हिंसा को लेकर चिंतित है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) नाम के संगठन ने बीते महीनों में इस क्षेत्र में ना सिर्फ चीनी कंपनियों, बल्कि पाकिस्तान के सुरक्षा बलों पर भी घातक हमले किए हैं। बलूच बागी गुटों के मोर्चे बीएआरएस ने बैरिक गोल्ड को चेतावनी दी है कि वह बलूचिस्तान के खनन संसाधनों के अलग रहे, वरना उसे हमलों का शिकार बनना पड़ेगा। बीएलए भी बीएआरएस में शामिल है। इसमें बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) भी शामिल है। बीएलएफ के नेता अल्लाह नजर ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश के जरिए बैरिक गोल्ड के लिए चेतावनी जारी की।

## सिंगापुर का पडांग देश का 75वां राष्ट्रीय स्मारक बना, यहीं से नेताजी ने दिया था 'दिल्ली चलो' का नारा

**वाशिंगटन।** सिंगापुर अपना 57वां राष्ट्रीय दिवस मना रहा है और उसने अपने 200 साल पुराने ऐतिहासिक हरित खुले क्षेत्र पडांग को अपना 75वां राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया है। पडांग देश के इतिहास में अनगिनत आयोजनों से जुड़ा रहा है और इसी जगह से नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1943 में 'दिल्ली चलो' का नारा दिया था।

सिंगापुर में बीचोबीच स्थित 4.3 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला पडांग सिंगापुर की राष्ट्रीय स्मारकों की सूची में पहला हरित, खुला क्षेत्र है। यहां सन 1800 से ही क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, टेनिस और लॉन बॉलिंग जैसी खेल स्पर्धाओं का आयोजन होता रहा है। सिंगापुर के राष्ट्रीय धरोहर बोर्ड (एनएचबी) ने कहा कि पडांग के राष्ट्रीय, ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व को देखते हुए इसे स्मारक संरक्षण अधिनियम के तहत सर्वोच्च स्तर का संरक्षण प्रदान किया जाएगा। मलय भाषा में पडांग का अर्थ मैदान होता है।

नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर में दक्षिण एशियाई



अध्ययन के प्रमुख प्रोफेसर राजेश राय ने पडांग और आजाद हिंद फौज के बीच संबंध जुड़े होने की बात कही। उन्होंने कहा, ''सिंगापुर में भारतीय समुदाय के लिए पडांग का विशेष महत्व है। यहीं से नेताजी ने आजाद हिंद फौज के हजारों जवानों और स्थानीय भारतीय लोगों को अनेक भाषण दिये थे। यहीं उन्होंने 'दिल्ली चलो' का नारा दिया था, यहां झांसी की रानी रेजीमेंट बनाई गयी और भारतीय संपत्तियों को पूरी तरह ब्रिटिश शासन से मुक्त करने का आह्वान यहां किया गया था।' पडांग का नाम अब सिंगापुर के अन्य 74 स्मारकों के साथ जुड़ जाएगा, जिनमें से सात यहां रहने वाले भारतीय समुदाय से संबंध रखते हैं।

## भारतीय विद्यार्थियों का पहला बैच बहुत जल्द आएगा : चीन

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि उसने स्वदेश वापसी के बाद कोविड-19 से जुड़ी वीजा पाबंदियों के कारण घर में फंसे भारतीय विद्यार्थियों की वापसी की प्रक्रिया शुरू की है और इनका पहला बैच बहुत जल्द आ सकता है। इससे चीन स्थित कॉलेजों में पढ़ाई दोबारा शुरू करने की प्रतीक्षा कर रहे हजारों विद्यार्थियों में उम्मीद जगी है। यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन से चीनी राजनयिकों की उन सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में पूछा गया, जिसमें विदेशी विद्यार्थियों के लिए नयी वीजा नीति लाने की बात कही गई है। इस सवाल पर वांग वेनबिन ने कहा, ''हम चीन में विदेशी विद्यार्थियों की वापसी की दिशा में गहनता से काम कर रहे हैं और भारतीय छात्रों की वापसी के लिए यह प्रक्रिया शुरू हो गई है।'' चीन द्वारा पढ़ाई के लिए तुरंत

**यह पूछे जाने पर कि चीन वापस आने के इच्छुक भारतीय विद्यार्थियों के बारे में यहां भारतीय दूतावास द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची की प्रक्रिया किस चरण में है, उन्होंने कहा कि संबंधित जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी।**

लौटने के इच्छुक विद्यार्थियों के नाम मांगे जाने के बाद भारत ने कई सौ विद्यार्थियों की सूची प्रस्तुत की है। वांग ने उम्मीद जताई कि बहुत जल्द भारतीय विद्यार्थियों के पहले बैच की वापसी होगी। यह पूछे जाने पर कि चीन वापस आने के इच्छुक भारतीय विद्यार्थियों के बारे में यहां भारतीय दूतावास द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची की प्रक्रिया किस चरण में है, उन्होंने कहा कि संबंधित जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी। चीन में पढ़ाई कर रहे 23,000 विद्यार्थी, जिसमें ज्यादातर चिकित्सा शिक्षा की पढ़ाई कर रहे हैं, भारत वापस आने के बाद कोविड-19 से जुड़े वीजा प्रतिबंधों के कारण फंस गये और पढ़ाई के लिए चीन नहीं लौट सके। हाल के हफ्तों में श्रीलंका, पाकिस्तान, रूस और कई अन्य देशों के कुछ विद्यार्थी चार्टर्ड विमानों से चीन पहुंचे। चीन भी विभिन्न देशों से उड़ानों की अनुमति दे रहा है, लेकिन अभी तक भारत-चीन के बीच उड़ान सेवा शुरू नहीं की गई है।

# इस्राइल-गाजा उग्रवादियों के बीच नाजुक संघर्ष विराम लागू, मिस्र ने की मध्यस्थता

**वाशिंगटन।**गाजा में इस्राइल और फलस्तीन आतंकवादियों के बीच करीब तीन दिनों से जारी लड़ाई को खत्म करने के लिए एक नाजुक संघर्ष विराम समझौता सोमवार को हुआ। इसके बाद यहां फिलहाल हिंसा खत्म हो गई है। मिस्र की मध्यस्थता के बाद रात करीब साढ़े 11 बजे युद्धविराम लागू हुआ।

इस्राइल और हमास के बीच पिछले साल 11 दिन चली लड़ाई के बाद इस्राइल और गाजा उग्रवादियों के बीच यह सबसे खराब संघर्ष था। संघर्ष विराम लागू होने से कुछ मिनट पहले तक इस्राइल ने क्षेत्र में कई हवाई हमले किए। इस्राइल ने कहा, यदि युद्धविराम का उल्लंघन होता है तो वह इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देगा। इस्राइल ने गाजा में शुक्रवार को हमले शुरू किए थे जबकि ईरान समर्थित फलस्तीनी जिहादी समूह ने इसके जवाब में उस पर सैकड़ों रॉकेट दागे। गाजा पर शासन करने वाला उग्रवादी समूह 'हमास' इस संघर्ष से किनारा करता दिखाई दिया। इस्राइल ने जिहादी गुट के दो शीर्ष कमांडरों को मार गिराया था।

**हवाई हमलों में गाजा के 27 नागरिक और 24 आतंकी मारे गए**

इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि इस्राइल और गाजा स्थित आतंकियों के बीच हालिया दौर की लड़ाई में गाजा में 51 लोग मारे गए जिनमें 24 जिहादी आतंकी गुट से संबद्ध थे। टाइम्स ऑफ इस्राइल ने बताया कि सेना के आंकड़े अनुमानित हैं। आईडीएफ के मुताबिक, इस लड़ाई में कई बच्चों समेत गाजा के 27 आम नागरिक भी मारे गए हैं। प्रवक्ता रान कोचव ने कहा कि फलस्तीन से हुए हमलों में भी ज्यादातर गाजा के लोग ही मारे गए। सेना ने बताया कि गाजा पट्टी में आतंकियों ने इस्राइल की तरफ 1,100 रॉकेट दागे जिनमें से 200 रॉकेट गाजा पट्टी क्षेत्र में ही गिर गए।

**वेस्ट बैंक में तीन फलस्तीनी बंदूकधारियों की मौत**

इस बीच वेस्ट बैंक के नाबलस शहर में इस्त्राइली सैनिकों से कुछ बंदूकधारियों से मुठभेड़ हुई। इसमें तीन फिलस्तीनी बंदूकधारियों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने इब्राहिम अल-नाबलसी नामक बंदूकधारी के घर को घेर लिया, जो इस साल की शुरुआत में वेस्ट बैंक में हुए सिलसिलेवार हमलों के मामले में वॉन्टेड था। वहीं,



इस्त्राइली सेना का दावा है कि सैनिकों ने फिलस्तीनियों की ओर से फेंके गए पत्थरों और विस्फोटकों के जवाब में गोलीबारी की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अल-नाबलसी, इस्लाम सबूह और हुसैन जमाल ताहा की मौत हो गई और कम से कम 40 लोग घायल हो गए।

**भारत ने समर्थन किया**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र और मिस्र के राजनयिक प्रयासों का समर्थन किया है, जिसके कारण गाजा में इस्त्राइल और फिलिस्तीनी उग्रवादियों के बीच संघर्ष विराम हुआ। दरअसल, एक साल की शांति के बाद गाजा में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि व्यस्त राजनयिक वार्ताओं, विकास पहलों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा पिछले मई में हुई नाजुक संघर्षविराम वार्ता के प्रयासों के बावजूद हिंसा पूरी तरह से कम नहीं हुई है।

**मिस्र के राजनयिक प्रयासों की तारीफ की**

गाजा की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में सोमवार को यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि नवीनतम घटनाक्रमों ने एक बार फिर चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों, इस क्षेत्र के देशों, विशेष रूप से मिस्र के राजनयिक प्रयासों का समर्थन करते हैं, जिसके कारण संघर्ष विराम हुआ है, ताकि स्थिति को और शांत किया जा सके और स्थायी शांति हासिल करने की कोशिश की जा सके।

## फिनलैंड और स्वीडन नाटो के सदस्य बने

**वाशिंगटन।** फिनलैंड और स्वीडन को आखिरकार नाटो ( नार्थ अटलांटिक ट्रीटी आगेर्नाइजेशन) की सदस्यता मिल गई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को इंस्ट्रूमेंट ऑफ रेटिफिकेशन दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दोनों देशों को नाटो का सदस्य बनने पर बधाई दी। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह नाटो के विस्तार पक्ष में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के ज्यादातर सदस्यों ने मतदान किया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को चेताया

**न्यूयार्क।** भारत ने आतंकवाद पर विश्व समुदाय को आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद के विशेष सत्र के संबोधन में कहा कि आतंकवाद से पूरी दुनिया को खतरा है। दुनिया आतंकवाद और आतंकवादियों को लेकर दोहरे मानदंड न अपनाए। अफ्रीका समेत विश्व के कई देशों में आतंकवाद फैल रहा है। 'आतंकी कृत्यों से अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को खतरा' विषय पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में भी रुचिरा कंबोज ने भारत का रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि हमें आतंकवाद को किसी प्रेरणा पर आधारित बताने से बचना चाहिए। इससे अवसरवादी लोगों को कुछ आतंकी गतिविधियों को जायज ठहराने का मौका मिलेगा।
संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत ने कहा कि आईएसआईएस अब अफ्रीका में पैर फैला रहा है। विश्व समुदाय को आतंकी खतरे को अलग-अलग नजरिये से देखना बंद कर इस पर पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके दुनिया के अन्य हिस्सों में भी फैलने का उतना ही खतरा है। रुचिरा कंबोज ने कहा कि यह हमारा सुविचारित मत है कि दुनिया के किसी भी हिस्से में यदि आतंकवाद है तो वह समूची दुनिया की शांति व सुरक्षा के लिए खतरा है। इसलिए इस चुनौती को हमारा जवाब एकीकृत, समन्वित और सबसे जरूरी है कि यह प्रभावी होना चाहिए।
उन्होंने कहा कि आपको याद होगा कि 9/11 के कायरतापूर्ण हमले की 20 वीं बरसी के मौके पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद से साझा ढंग से मुकाबले के लिए कई सुझाव दिए थे। इससे पहले आतंकवाद निरोधी समिति के कार्यवाहक कार्यकारी निदेशक वेक्सिओंग चेन ने मंगलवार को आशा जताई कि अक्टूबर में भारत में होने वाली आतंकवाद विरोधी विशेष बैठक बहुपक्षीय प्रयासों को और मजबूत करेगी। अक्टूबर में आतंकवाद से निपटने के नए उपाय ढूंढने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों की विशेष बैठक भी होगी। भारत इसकी मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा- 'मैं 28 से 30 अक्टूबर, 2022 तक नई दिल्ली और मुंबई में होने वाली आतंकवाद पर रोकथाम के उद्देश्यों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आतंकवाद विरोधी समिति की आगामी विशेष बैठक की परिषद को सूचित करना चाहता हूं कि यह आयोजन हमारे बहुपक्षीय और बहुआयामी आतंकवाद विरोधी प्रयासों को और बढ़ाने और मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।'

## भारत से आने वालों की एंट्री पर नेपाल का बड़ा फैसला, चार भारतीयों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद अलर्ट

**काठमान्डू।** कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों के बीच नेपाल ने भारत से आने वाले संक्रमितों के देश में प्रवेश करने पर रोक लगा दी है। दरअसल, बैताडी जिले से प्रवेश करने वाले चार भारतीयों का कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया था। इसके बाद सभी को वापस भेज दिया गया।

पश्चिमी नेपाल के बैताडी जिले के झूलाघाट सीमा बिंदु के रास्ते चार भारतीय पड़ोसी देश में दाखिल हुए थे। बैताडी के स्वास्थ्य कार्यालय में सूचना अधिकारी बिपिन लेखक ने बताया कि चार भारतीय नागरिकों का कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया और उन्हें भारत लौटने के लिए कहा गया। लेखक ने कहा, 'हमने भारतीयों को कोविड-19 टेस्ट तेज कर दिया है।' उन्होंने कहा कि भारत से लौटे कई नेपाली नागरिकों को कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने संक्रमण में उछाल के कारण संक्रमित भारतीय पर्यटकों का नेपाल में प्रवेश रोक दिया गया है। बैताडी जिला पड़ोसी भारत के साथ सीमा साझा करता है, इसलिए यह हाई रिस्क में है। वर्तमान में बैताड़ी में कोरोना के 31 एक्टिव मामले हैं। तीन सप्ताह पहले इस जिले में एक भी मामला सामने नहीं आया था।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक, एक दिन में 12,751 नए मामले सामने आने के बाद भारत में कोविड-19 मामलों की संख्या बढ़कर 4,41,74,650 हो गई है। स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के



**लेखक ने कहा, 'हमने भारतीयों को कोविड-19 टेस्ट तेज कर दिया है।' उन्होंने कहा कि भारत से लौटे कई नेपाली नागरिकों को कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है।**

मुताबिक, नेपाल में वर्तमान में कोविड-19 के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है, देशभर में 1,090 नए मामले दर्ज किए गए। पिछले छह महीनों में यह एक दिन में सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी है। वायरस से एक दिन में दो मौतें दर्ज की गईं। नेपल में वर्तमान में कोविड-19 के 5874 एक्टिव मामले हैं।

## चीन ने की लैंग्या वायरस मिलने की पुष्टि, दो प्रांतों में मिले 35 मरीज

**बीजिंग।** चीन में कोरोना के बाद एक नया वायरस जूनोटिक लैंग्या मिलने के ताइवानी दावे की पुष्टि अब चीन की ओर से भी कर दी गयी है। चाइनीज विशेषज्ञों ने इस संबंध में किए गए शोध के बाद चीन के दो प्रांतों में इस नए वायरस से संक्रमित 35 मरीज सामने आने की बात कही है। ताइवान के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (सीडीसी) ने चीन में जूनोटिक लैंग्या वायरस मिलने की बात कही थी। सीडीसी का दावा था कि यह वायरस जानवरों से इंसानों में फैल रहा है। इस वायरस की पहचान और प्रसार की निगरानी के लिए न्यूक्लिक एसिड परीक्षण विधि का उपयोग करने की बात कही गयी थी। अब चीन और सिंगापुर के वैज्ञानिकों की ओर से न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित शोध में भी इस वायरस के प्रसार की बात कही गयी है। शोध के मुताबिक पूर्वी चीन के शेडोंग प्रांत और मध्य चीन के हेनान प्रांत में इस वायरस का संक्रमण पाया गया।